रोहतक
शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, तृतीया वर्ष : 27, अंक : 323
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 22.7
न्यून. 5.6

haribhoomi.com


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



05 टेस्ट में भारतीय महिला टीम का धमाका स्टंप तक सात विकेट पर बनाए 410 रन




### सीएम ने 210 कॉलोनियों को वैध करने का ऐलान किया

# 31 जनवरी तक 2274 कॉलोनियां होंगी नियमित

**बाढ़ प्रभावित 34511 किसानों को भेजे 98 करोड़**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शीतकालीन सत्र से पहले अवैध कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने चंडीगढ़ में प्रदेश की 2274 अनियमित कॉलोनियों को 31 जनवरी तक नियमित करने का ऐलान किया। उन्होंने घोषणा की कि नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग की 103, शहरी स्थानीय विभाग की 107 कॉलोनी और नियमित करने का भी सरकार ने फैसला किया है। सीएम ने बताया कि इससे पहले 1673 कॉलोनियों को नियमित किया जा चुका है। आज की 210 कॉलोनियों को मिलाकर 1883 कॉलोनियां प्रदेश में नियमित हो जाएंगी। सीएम ने इससे पहले 874 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने का फैसला लिया था।

## अब अनधिकृत कॉलोनियों पर लगेगी लगाम

**ड्रोन और सैटेलाइट इमेजरी से होगा सर्वेक्षण**

**अब तक 1883 कॉलोनियां नियमित हुई**



### विंटर सेशन में विधायकों को मिलेगा मौका

हरियाणा सीएम मनोहर लाल ने बताया कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधायकों के ज़्यादा से ज़्यादा भागीदारी तय की गई। पहली बार चुनकर आए विधायकों को पर्याप्त वक्त दिया गया है। पिछली सरकार में दो ही सत्र बुलाया जाता था। हमने साल में कम से कम तीन सत्र किए।

### ऐसे रखी जाएगी नजर

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि अनधिकृत कॉलोनियां की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाने के लिए ड्रोन और सैटेलाइट इमेजरी के माध्यम से नियमित सर्वेक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद यदि अवैध कॉलोनियों को बसाने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। सीएम ने बताया कि सभी अधिकारियों को इसका सख्ती से पालन करने के निर्देश भी दिए हैं।

### किसानों को दी मदद

सीएम ने बताया कि जुलाई 2023 में राज्य के 12 डिले अंबाला, फतेहाबाद, फरीदाबाद, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, पंचकूला, पानीपत, पलवल, सोनीपत, सिरसा और यमुनानगर के 1469 गांव और 4 शहरों को बाढ़ प्रभावित घोषित किया गया था। आज उन इलाकों से फसल खराबे के लिए 34511 किसानों को 97 करोड़ 93 लाख रुपया की राशि दी जा रही है। इनमें 49197 एकड़ का वह क्षेत्र शामिल हैं। जिसमें दोबारा बिजाई हुई है।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा को मिलेगा राज्य गीत

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जल्द ही हरियाणा को अपना राज्य गीत मिलेगा। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस संबंध में प्रस्ताव रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से सरकार ने 3 गीतों का चयन किया है और सदन के पटल पर तीनों गीतों को पेश किया जाएगा। ब्यूरो

### राजस्थान में भजनलाल शर्मा की ताजपोशी आज

**शपथ ग्रहण में शामिल होंगे पीएम मोदी**

**जयपुर।** राजस्थान के नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दो उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा के साथ शुक्रवार सुबह 11 बजे शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत तमाम दिग्गज शामिल होंगे। वहीं जयपुर में शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। कार्यक्रम को लेकर भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। अल्बर्ट हॉल (रामनिवास बाग) के बाहर इस समारोह को भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है। समारोह स्थल पर भाजपा के झंडे और होर्डिंग काउंटर के साथ-साथ पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के पोस्टर और बैनर लगाए गए हैं। भाजपा के राज्य मीडिया समन्वयक प्रमोद वशिष्ठ ने कहा कि समारोह के लिए केंद्रीय नेताओं और मुख्यमंत्रियों को भी निमंत्रण भेजा गया है। एजेंसी


# एसवाईएल पर फिर बात करेंगे पंजाब व हरियाणा

**केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने 28 को बुलाई बैठक**

## चंडीगढ़ में मिलेंगे मनोहर लाल और भगवंत मान

भाषा ▶▶| चंडीगढ़/नई दिल्ली

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सतलुज-यमुना लिंक नहर मुद्दे पर चर्चा के लिए हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि बैइक में दोनों राज्यों के अधिकारी भी चंडीगढ़ में होने वाली इस बैठक में भाग लेंगे। मनोहर ने कहा, एसवाईएल गंभीर मुद्दा है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने 28 दिसंबर को चंडीगढ़ में एसवाईएल के मुद्दे पर बैठक बुलाई है। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री और जल शक्ति मंत्री इसमें भाग लेंगे। एसवाईएल का मुद्दा पिछले कई वर्षों से पंजाब और हरियाणा के बीच विवाद का विषय बना हुआ है। रावी और ब्यास नदियों से दोनों राज्यों के बीच पानी के उचित बंटवारे के लिए नहर की परिकल्पना की गई थी।





**दो महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने दिए थे आदेश**

### शीर्ष कोर्ट का फैसला लागू करना चाहते हैं

एक सवाल के जवाब में मनोहर ने कहा कि हरियाणा सरकार एसवाईएल नहर के निर्माण को लेकर उच्चतम न्यायालय के फैसले को लागू करना चाहती है। शीर्ष अदालत ने चार अक्टूबर को केंद्र से कहा था कि वह पंजाब में जमीन के उस हिस्से का सर्वेक्षण करे जो उसे एसवाईएल नहर के हिस्से के निर्माण के लिए आवंटित किया गया था और वहां किए गए निर्माण की सीमा का अनुमान लगाए। हरियाणा ने अपने क्षेत्र में इस परियोजना को पूरा कर लिया है लेकिन 1982 में काम शुरू करने वाले पंजाब ने निर्माण रोक दिया है।

### छत्तीसगढ़ में बीएसएफ का हेड कांस्टेबल शहीद

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में नक्सलियों के किए आईईडी ब्लास्ट में बीएसएफ का जवान शहीद हो गया। दो दिन में जवानों पर इस तरह से ये दूसरा हमला है, जिसमें जवान की शहादत हुई है। एसपी दिव्यांग पटेल ने बया कि विस्फोट में हेड कॉन्स्टेबल अखिलेश राय घायल हो गए थे। उनकी अस्पताल में मौत हो गई। भाषा







### अविवाहितों एवं विधुरों को इसी माह से पेंशन

**चंडीगढ़(ब्यूरो)।** सीएम मनोहर लाल ने विधुर व अविवाहित पुरुषों और महिलाओं को मासिक वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने की अनूठी पहल कर समाज के समक्ष सेवा एवं सम्मान का नया उदाहरण पेश किया है। इस योजना के तहत राज्य में अब तक 12,882 विधुर तथा 2,026 अविवाहितों की पहचान कर ली गई है। इन्हें दिसम्बर, 2023 से ही पेंशन मिलनी शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने एक प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने विधुर एवं अविवाहितों को भी सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने का नर्णिय लिया है और इस पेंशन के लिए 3 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले 40 वर्ष आयु के विधुर तथा 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले 45 वर्ष आयु के अविवाहित (पुरुष और महिला) पात्र हैं।

### बाइडन के खिलाफ शुरू होगी महाभियोग जांच

**वाशिंगटन (एपी)।** अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने राष्ट्रपति जो बाइडन के खिलाफ महाभियोग जांच शुरू करने को मंजूरी दे दी है। बाइडन के खिलाफ महाभियोग जांच शुरू करने के प्रस्ताव पर मतदान हुआ, जिसके समर्थन में 221 जबकि विरोध में 212 वोट पड़े। इस प्रस्ताव में राष्ट्रपति जो बाइडन पर उनके बेटे हंटर बाइडन के विवादास्पद और विदेशी लेनदेन के आधार पर औपचारिक महाभियोग जांच शुरू किए जाने की बात कही गई है। अगर वह सीनेट में चले महाभियोग में दोषी पाए जाते हैं तो उन्होंने राष्ट्रपति पद से हटना पड़ सकता है।



विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव गुराना व डाटा पहुंची : कैप्टन अभिमन्यु ने किया संबोधित

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने चलाई अनेक जनहितैषी योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने अनेक ऐतिहासिक व जनहितैषी योजनाएं चलाई हैं। प्रधानमंत्री की सोच है कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर आम आदमी को मिलना चाहिए। कैप्टन अभिमन्यु बृहस्पतिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांव गुराना व डाटा के लघु सचिवालय में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन करके जनता की समस्याओं का समाधान करने काा निर्णय लिया है। उन्होंने कहा पिछले 70 वर्षों से गरीबों के हितों के बारे में किसी सरकार ने नहीं सोचा। प्रधानमंत्री ने गरीबों के लिए आयुष्मान योजना लागू करके ऐतिहासिक काम किया है। आज किसी भी गरीब व्यक्ति को इलाज के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ता बल्कि सीधे किसी अच्छे अस्पताल में जाकर पांच लाख रुपये तक का इलाज करवा सकता है।

### 51 करोड़ लोगों के खुल चुके हैं खाते

पूर्व वित्त मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं का दर्द समझते हुए उज्ज्वला योजना शुरू की गई जो काफी फायदेमंद साबित हो रही है। इस योजना के तहत मुफ्त में महिलाओं को गैस चूल्हे और सिलेंडर दिए जा रहे हैं। पहले बैंक में तीन करोड 50 लाख लोगों के खाते थे, प्रधानमंत्री ने जीरो बैलेंस पर जनधन योजना के तहत गरीबों के खाते खोलकर एक रिकॉर्ड बनाया है और आज 51 करोड़ लोगों के बैंकों में खाते खुल चुके हैं। इन खातों में अनेक योजनाओं के तहत दो लाख करोड रुपए बैंकों में जमा है। हर सरकारी योजना के पैसे सीधे खातों में पहुंचते हैं।

- हर सरकारी योजना के पैसे सीधे बैंक में
- 70 वर्षों से गरीबों के हितों के बारे में किसी सरकार ने नहीं सोचा।



नारनौंद। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु का पगड़ी पहनकर स्वागत करते हुए ग्रामीण और विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों को शपथ दिलाते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु। फोटो : हरिभूमि

### लोगों को मौके पर ही दी जा रही बुढ़ापा पेंशन और गैस सिलेंडर भी मिल रहे

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सभी विभागों के कर्मचारी व अधिकारी जनता की समस्याएं सुनने के लिए आपके द्वार पर आ रहे हैं और उनका मौके पर ही समाधान कर रहे हैं। इससे काफी लोगों को फायदा पहुंचा है। मौके पर लोगों को बुढ़ापा पेंशन और सिलेंडर भी दिए जा रहे हैं। किसानों को भी अनेक योजनाओं के लाभ दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी कर्मचारी निष्ठा की भावना से कार्य करते हुए लोगों की सेवा करने का काम करें क्योंकि देश की जनता की गाढ़ी कमाई से ही उन्हें वेतन मिलता है। आज देश की मालिक देश की जनता है। इस मौके पर प्रतिभावान छात्रों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद के चेयरमैन सोनू डाटा, जयवीर माजरा, पप्पू सिसाय, संजय खरब विशेष तौर पर मौजूद थे।

पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने की घोषणा

# प्रदेश के आठ टोल होंगे खत्म

- सालाना 22 .48 करोड़ का होता था पथ पार कर संग्रहण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के लोगों को टोल फ्री सुविधा देने की कड़ी में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 8 और टोल प्लाजा को लोगों के लिए फ्री करने की घोषणा की है। इनमें 7 लोक निर्माण विभाग के टोल शामिल हैं। मुख्यमंत्री यहां हरियाणा निवास में पत्रकारवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन टोल को फ्री किया गया है उनमें पेहोवा-पटियाला पंजाब सीमा तक राज्य राजमार्ग-19 में कुरुक्षेत्र जिले का त्योकड़ टोल प्लाजा, होडल नूंह-पटौदा पटौदी मार्ग पर सौंध, चारोदा तथा पथरेड़ी मार्ग पर तीन टोल प्लाजा, राई-नाहरा-बहादुरगढ़ मार्ग पर बड़ोता व बामनोली टोल प्लाजा, पुन्हाना-जुरहेड़ा राजस्थान सीमा तक सुनहेरा टोल प्लाजा, फरीदाबाद और बल्लभगढ़ सोहना सडक़ पर बंधवाड़ी, क्रशर जोन, पाखल, नुरेरा टोल प्लाजा तथा फिरोजपुर झिरका बिवान सडक़ पर अलीपुर तिगड़ा व बिवान टोल प्लाजा शामिल हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिये लोगों घर जाकर दिया जा रहा योजनाओं का लाभ

विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जो करती है उसकी जानकारी जनता को मिले और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अगर किसी पात्र को नहीं मिला है तो उसे उसके घर पर जाकर दिया जाए, इस उद्देश्य से इस यात्रा को समस्त देश में चलाया जा रहा है। आज वश्वि के 37 देश विकसित देशों की श्रेणी में आते हैं, भारत विकासशील देशों की श्रेणी में आता है और आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर वर्ष 2047 तक इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है।

### हम चुनाव के लिए तैयार

लोकसभा के साथ हरियाणा विधानसभा के चुनाव करवाने के बार पूछे जाने पर सीएम ने कहा कि यह केन्द्रीय चुनाव आयोग और केन्द्र सरकार को तय करना है। हम पूरी तरह से तैयार हैं। आमतौर पर यदि दोनों चुनावों में छः महीने का अन्तर होता है तो चुनाव आयोग को यह अधिकार है कि वह एक साथ चुनाव करवा सकता है। लोकसभा व हरियाणा विधानसभा के चुनाव में छः महीने से कम का अन्तर है।

इससे आमजन को जो इन टोल प्लाजा से गुजरते हैं उन्हें 22.48 करोड़ के पथपार कर से राहत मिलेगी। एसवाईएल को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को क्रियान्वयन करने को लेकर गंभीर है। पानी की उपलब्धता व आवश्यकता अलग विषय है और नहर का बनना अलग है। पानी के हिस्से के बारे में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश व राजस्थान के लिए ट्रब्यिूनल ने फैसला करना है।

शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर में स्टल्टि+चार मंजिला भवन निर्माण की अनुमति के सम्बन्ध में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोगों की सुविधा के लिए हमने यह नीति बनाई थी। कुछ लोगों ने इस आपत्ति जताई थी और न्यायालय में चले गये थे। इस सम्बन्ध में सरकार ने पी राघवेन्द्र राव की अध्यक्षता में कमेटी गठित की थी, जिसकी रिपोर्ट मिल गई है। उन्होंने कहा कि जन सुविधा जरूरी है, जहां जनता नहीं चाहेगी वहां यह नीति लागू नहीं होगी। राम रहीम की बार-बार पैरोल के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पैरोल लेने का हर कैदी का हक है। यह कैदी का जेल के अन्दर आचरण पर निर्भर होता है। जेल मैनुअल के अनुसार ओपन जेल की अवधारणा भी आ गई है कि दिन में कैदी बाहर जाकर काम करके आ जाएं।

## लोकायुक्त ने प्रॉपर्टी सर्वे घोटाले में जांच रिपोर्ट तलब की

- लोकायुक्त ने एंटी करप्शन ब्यूरो की जाँच रिपोर्ट मिलते ही शहरी निकाय विभाग के प्रधान सचिव को नोटिस भेजा

चंडीगढ़। याशी कम्पनी के प्रॉपर्टी आईडी सर्वे घोटाले में डीजीपी एंटी करप्शन ब्यूरो से जाँच रिपोर्ट मिलने के बाद आज लोकायुक्त जस्टिस हरि पाल वर्मा ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग के प्रधान सचिव से 11 जनवरी तक रिपोर्ट तलब की है। लोकायुक्त इस केस की अगली सुनवाई 11 जनवरी को करेंगे। गौरतलब है कि आरटीआई एक्टिवस्टि पीपी कपूर ने 19 जुलाई 2023 को लोकायुक्त को प्रॉपर्टी आईडी सर्वे में घोटाले की सुबूतों सहित लिखित शिकायत दी थी। शिकायत पर लोकायुक्त जस्टिस हरि पाल वर्मा का नोटिस मिलते ही सरकार ने सभी नगर पालिकाओं,नगर निगमों, नगर परिषदों में प्रॉपर्टी आईडी का सर्वे करने वाली जयपुर की याशी कम्पनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया था। आरटीआई एक्टिवस्टि पीपी कपूर ने सीएम की फ्लैग शिप योजन के अंतर्गत सभी 88 शहरों में करवाए गए प्रॉपर्टी आईडी सर्वे को बड़े घोटाले का आरोप लगाते हुए गत 19 जुलाई को लोकायुक्त कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई थी।

### शिक्षा पर मात्र 11.76 फीसदी खर्च करना शर्मनाकः सैलजा



चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा है कि जिस प्रदेश और देश की सरकारें शिक्षा पर अधिक ध्यान देती है वहां पर विकास ही विकास दिखाई देता है पर हरियाणा में सरकार की अनदेखी के चलते राजकीय विद्यालयों में शिक्षा का स्तर शून्य हो चुका है। एक ओर जहां छोटे से राज्य झारखंड ने शिक्षा का बजट एक साल में दस गुना बढ़ाया है वहीं हरियाणा ने शिक्षा पर खर्च 11.76 प्रतिशत कम कर दिया है। प्रदेश के कॉलेजों में 60 प्रतिशत से अधिक पद खाली पड़े हैं।


**कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा**
कौशल भवन, सैक्टर-3, पंचकूला

उद्यमी युवा- सम्मानित हुआ

हरियाणा राज्य में स्थित राजकीय एंव निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित युवाओं में स्वरोजगार स्थापित करने की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा सफल उद्यमियों को पुरस्कृत करने की योजना लागू की है जिसके तहत अपना सफल उद्यम स्थापित करने एवं चलाने में प्रथम विजेता उम्मीदवार को 10,000 रुपये, द्वितीय विजेता उम्मीदवार को 7,500 रुपये और तृतीय विजेता उम्मीद्वार को 5,000 रुपये की नकद राशि एवं प्रमाण पत्र प्रत्येक जिले में दिनांक 26.01.2024 को होने वाले गणतंत्र दिवस के अवसर पर देकर सम्मानित किया जाएगा। इन सभी पुरस्कृत उद्यमियों में सें सर्वश्रेष्ठ तीन उम्मीदवारों को राज्य स्तरीय समारोह में प्रथम विजेता उम्मीदवार को 50,000 रुपये और द्वितीय विजेता उम्मीदवार को 40,000 रुपये और तृतीय विजेता उम्मीदवार को 30,000 रुपये की नकद राशि एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायगा। इच्छुक उम्मीदवार अपने जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दिनांक 31.12.2023 से पहले आवेदन जमा करवा सकता है। आवेदन प्रपत्र एवं योजना के नियम व शर्तें विभाग की वैबसाईट www.itiharyana.gov.in से डाऊनलोड कर सकते हैं।

महानिदेशक

पीआरडीएच- 1065/11/101/2024/23394/88/6 दि. 14.12.23



**कार्यालयः जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, झज्जर**

निविदा सूचना

जिला स्तरीय गीता महोत्सव **22 व 23 दिसम्बर, 2023** को महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम झज्जर में मनाया जाना प्रस्तावित है। आयोजन हेतु निम्नलिखित वस्तुओं व सेवाओं के लिए निविदाएं / कुटेशन आमंत्रित की जाती है।

1. **टैन्ट सर्विस वाटर प्रूफ व सामान्य दोनों के रेट्स**
   कुर्सियां-400, सोफा सेट-20, सीटर, सेंटर टेबल-5, स्टॉल-40 (15 15 फुट), कारपेट, पर्दे, कालीन, स्पीच स्टैंड, प्रवेश द्वार व दो ग्रीन रूम, जनरेटर ( 10 के.वी. व 62 के.वी. ग्रैप मानकों के अनुसार निर्धारित ईंधन से चालित) हैलोजन लाईट, स्टेज सजावट, सेल्फी प्वाइंट के लिए रथ।
2. फुल मालाएं, बुक्के, व स्टेज सजावट सामग्री आदि।
3. लाईट एवं सांउड सिस्टम।
4. **विडियोग्राफी/फोटो ग्राफी।**
   - एचडी विडियोग्राफी, एडिटिंग सहित।
   -प्रतिदिन की फोटो/विडियो पैन ड्राईव में उपलब्ध कराना।
5. शॉल, लोई, (अच्छी क्वालिटी) व स्मृति चिन्ह ।
6. बैक पैक्स (स्कूल बैग,) वाटर बोतल ( 750 एम.एल एस.एस.) लंच बॉक्स, गीता, पैन, नोट बुक व गिफ्ट आईटम
7. बाहर से आने वाले कलाकारों के लिए नाश्ता, लंच, डिनर।
8. जलपान चाय, काफी, नमकीन, काजू-बादाम, बिस्कट आदि।
9. फल केला व सेब।
10. शोभा यात्रा के लिए घोडी बग्गी।
11. निमंत्रण पत्र व प्रशस्ति पत्र (डिजाइन सहित)।
11. रंगोली व सजावट का सामान।
13. प्रिंटिंग फ्लेक्स लकडी व लोह के फ्रेम सहित ( जोकि वर्ग फुट के हिसाब से होंगे)

**नोट :-** कमांक 1 से 13 तक के लिए इच्छुक फर्मे अपनी निविदाएं / कुटेशन बंद लिफाफे में जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, झज्जर के नाम दिनांक 15/12/2023 से 18/12/2023 तक 9 बजे से सांय 5 बजे तक व 19/12/2023 को दोपहर बाद 2.00 बजे तक लघु सचिवालय स्थित प्रथम मजिल, कमरा नंबर 108 में भिजवाना सुनिश्चित करें। निविदाएं / कुटेशन गठित कमेटी सदस्यों के समक्ष व फर्म सदस्यों की उपस्थिति में दिनांक 19.12.2023 को सांय 4.00 बजे खोली जाएंगी। **क्रमांक 1 के कार्य हेतु इच्छुक फर्म द्वारा 25 हजार रूपए की अग्रिम राशि का ड्राफ्ट जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, झज्जर के नाम से जमा करवाया जाना अनिवार्य है।** आवश्यकता अनुसार वस्तुओं की मात्रा में कमी या वृद्धि की जा सकती है। अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम में फेरबदल या स्थगन होने की सूरत में गठित कमेटी का निर्णय अंतिम समझा जाएगा। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

हस्ता/-
**जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी**

पीआरडीएच-1029/11/389/2024/23407/88/6 दि. 14.12.23


### महिला पुलिस कर्मचारियों से बदतमीजी करने वाले खाएंगे जेल की हवा : एडीजीपी



चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस द्वारा संचालित की जा रही हेल्पलाइन हरियाणा 112 पर तैनात महिलाकर्मी से अपमानजनक भाषा में बात करने वाले लोग सतर्क हो जाए क्योंकि ऐसा करना उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा सकता है। ऐसे लोगों से हरियाणा पुलिस सख़्ती से निपट रही है और नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान दी गई। इस बैठक में हरियाणा 112 की टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में हरियाणा 112 पर तैनात महिला कर्मचारी के साथ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने वाले लोगों से निपटने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

### दीपेन्द्र हुड्डा ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर मांगी जानकारी

चंडीगढ़। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने संसद में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत एकत्रित प्रीमियम राशि और उपलब्ध सुरक्षा का राज्य वार ब्योरा मांगा तो कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र तोमर ने जो जवाब दिया उससे स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों का भरोसा उठता जा रहा है, क्योंकि पिछले 5 साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो हरियाणा समेत देश भर में बीमा के लिए किसान आवेदनों की संख्या में गिरावट देखी जा रही है। वहीं, अगर राज्यवार आंकड़ों को देखें तो हरियाणा में भी इस योजना से किसानों का मोहभंग हो चुका है। दीपेन्द्र हुड्डा ने सरकार के जवाब में दिए गए आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि ढट फसल बीमा योजना में हरियाणा के किसानों की भागीदारी में कमी आई है। रबी और खरीफ फ़सली सीजन के अलग अलग आंकड़ों को देखें तो स्पष्ट हो जाएगा कि इस योजना को किसानों ने नकार दिया है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि फसल नुकसान की गणना करने वाली समिति में किसानों का कोई प्रतिनिधत्वि नहीं है। सरकार और बीमा कंपनियां मिलकर क्लेम निपटारे में मनमानी कर रही हैं, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

### प्रदेश में कबूतरबाजी मामलों को लेकर आएगा विधेयक : विज

चंडीगढ़। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में कबूतरबाजी/विदेश भेजने के लिए होने वाले धोखाधड़ी के नई एसआईटी द्वारा अब तक कुल 1008 अभियोग दर्ज किए गए जिनके तहत 662 अभियुक्तों को गिरफतार किया गया हैं।

उन्होंने बताया कि नई व पुरानी एसआईटी द्वारा अब तक कुल 4,75,96,100 (4 करोड 75 लाख 96 हजार 100) रूपए की रिकवरी की गई है। विज चंडीगढ़ में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पुलिस महानिरीक्षक सिबास कविराज, पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा श्री अभिषेक जोरवाल भी उपस्थित थे। गृह मंत्री ने बताया कि नई एसआईटी द्वारा 17 अप्रैल, 2023 तक पिछले धोखाधड़ी के कुल 383 अभियोग दर्ज किए गए जिनके तहत 153 अभियुक्तों को गिरफतार किया गया। मंत्री ने बतायाकबूतरबाजी के मामलो में पीड़ति व्यक्तियों की सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबर 80530-03400 जारी किया गया है। पंजाब के लोगों द्वारा की गई धोखाधड़ी के संबंध में उन्होंने बताया कि हरियाणा और पंजाब के लोगों के विरूद्ध भी कार्यवाही की गई है और मामलों को दर्ज किया गया है।

## संसद की घटना के बाद हरियाणा विधानसभा में सुरक्षा बढ़ाई

- दर्शक दीर्घा में तुरंत प्रभाव से लगाए गए कैमरे
- दर्शकों की 3 स्तरीय होगी सुरक्षा चेकिंग

चंडीगढ़। संसद भवन में बुधवार को हुई घटना के बाद हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने वीरवार को सुरक्षा एवं प्रहरी शाखा और विधान सभा अधिकारियों के साथ आपात बैठक की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि शीतकालीन सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष रूप से सतर्क रहें।

उन्होंने कहा कि सत्र की कार्यवाही देखने के लिए आने वाले दर्शकों के लिए प्रवेश पत्र बनाते समय समुचित नियमों व प्रक्रियाओं का पालन करें। इसके साथ ही उन्होंने दर्शक दीर्घा में तुरंत प्रभाव से कैमरे लगाने के आदेश जारी किए। देर शाम तक कैमरे लगाने की कार्रवाई जारी रही। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता के निर्देश के बाद तय हुआ कि सत्र की कार्यवाही देखने के लिए आने वाले दर्शकों के पास विधायकों की अनुशंसा के बाद विधान सभा सचिवालय हारट्रोन को आगंतुकों की जानकारी भेजेगा। हारट्रोन प्रार्थी की समुचित जानकारी कंप्यूटर में फीड कर फोटोयुक्त प्रवेश पत्र तैयार करेगा। इस प्रवेश पत्र के बाद विधान सभा की सुरक्षा एवं प्रहरी शाखा हरियाणा पुलिस की मदद से नर्धिारित 3 स्थानों पर प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा चेकिंग करेगी।

### भूपेंद्र हुड्डा ने ली कांग्रेस विधायक दल की बैठक



चंडीगढ़। विस सत्र से ठीक पहले पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने एक बार फिर कांग्रेस विधायक दल की बैठक ली। बैठक में सदन के भीतर उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा हुई। हुड्डा ने बताया कि विधायकों ने यमुनानगर-अंबाला में जहरीली शराब से हुई मौतों, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति, जींद-कैथल में बच्चों के यौन शोषण, खनन घोटाले,अस्पतालों में डॉक्टर व स्टाफ की कमी, घोटालों, बढ़ते प्रदूषण, गुरुग्राम में प्रदूषित सिंचाई जल सप्लाई जैसे मुद्दों पर चर्चा के लिए स्थगन और ध्यानाकर्षक प्रस्ताव दिए हैं।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | जल सेवाएं यांत्रिकी उपमंडल, महेन्द्रगढ़ में महेन्द्रगढ़ स्टोर में सामग्री (थिम्बल) की आवश्यकता हेतु ई-उद्धरण + (जमा) 5 अदद निविदाएं। | बंद होने की तिथि 19.12.2023 | 23.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1282251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |
| 2 | पंचायती राज मुरथल, सोनीपत | गांव जोशी चौहान, ब्लॉक मुरथल में हरिजन चौपाल को पूरा करना, पीएस + 6 कार्य। | 13.12.2023 19.12.2023 | 42.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818043960 vpnaman2011@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | टांडा करणपुर - _फंड्स ग्राम पंचायत में हैं _- आर नं. 1 दिनांक 14.11.2023 -_ आईपीबी गलियों का निर्माण - _ - गांव करणपुर टांडा ग्राम पंचायत करणपुर टांडा ब्लॉक पिंजौर, जिला पंचकूला में 1. जय सिंह के मकान की तरफ कुलवीर के मकान, 2. गुरमीत के मकान से बलदेव के मकान तक, 3. कुलवीर सिंह के मकान से मेला सिंह के मकान तक, 4. कमलदीप के मकान से बलदेव सिंह के मकान तक + 2 कार्य। | 12.12.2023 18.12.2023 | 14.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में मेन इन्द्री रोड से टिकरी कैलाश रोड (ओडीआर) (रोड आईडी 11106) तक आरडी 0 से 2450 तक डब्ल्यू - मैटल क्रैश बैरियर और 100 मिमी मोटी इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक का प्रावधान और चौड़ा करने, मजबूतीकरण का कार्य | 12.12.2023 03.01.2023 | 220.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज पुण्डरी, कैथल | बिल्ला पट्टी पंचायत घर (करोरा) के निकट आईपीबी गली का निर्माण, 2. गुरदेव पुत्र माखन से बसंती माता वाली गली (पाई) तक आईपीबी गली का निर्माण + 2 कार्य। | 11.12.2023 18.12.2023 | 11.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398020009 Sdoprpundri@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज पंचकूला | गांव नाला, ब्लॉग जीपी जबरोट, ब्लॉक पिंजौर में बाबू राम के मकान के निकट नाला पर कल्वर्ट (वीएएनजीवाई) का निर्माण + 1 कार्य। | 12.12.2023 18.12.2023 | 9.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज कलायत, कैथल | जिला परिषद भवन में एक कमरे और शौचालय का निर्माण। | 12.12.2023 18.12.2023 | 4.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813604629 KALAYATSDOPR@GMAIL.COM |
| 8 | पंचायती राज राई, सोनीपत | अतिरिक्त कार्य जिला प्लान (2023-24) के तहत गांव सफियाबाद में बीसी चौपाल को पूरा करना। | बंद होने की तिथि 18.12.2023 | 4.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416468685 sdoprrai4@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव निमली, ब्लॉक चरखी दादरी में दक्षिण फिरनी पर नाला का निर्माण + 10 कार्य। | 12.12.2023 21.12.2023 | 107.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव भागवी, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी (पंचायत समिति) में नाला पर आर.सी.सी. कवर स्लैब (पुलिया) का निर्माण। | 12.12.2023 19.12.2023 | 2.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज झिरका नूह | रावली (ग्राम पंचायत एसएफसी) ब्लॉक एफ.पी. झिरका 122104 में (ईशाक हाउस से जुमली हाउस तक) आईपीबी रास्ता का निर्माण + 7 कार्य। | 11.12.2023 19.12.2023 | 55.9 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991314714 sdppr@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज तावडू, नूह | गांव रंगाला, ब्लॉक तावडू, जिला नूह में फिरनी से मंगतुराम के मकान तक इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक रास्ता का निर्माण (डी-प्लान) + 9 कार्य। | 12.12.2023 18.12.2023 | 74.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812376830 sdoprtru@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज चरखी दादरी | ब्लॉक व जिला चरखी दादरी जैडपी के तहत गांव मेहराना में आरसीसी पाइप लाइन बिछाना + 14 कार्य। | 12.12.2023 19.12.2023 | 86.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज पिनांगवान, नूह | गांव बाजिदपुर ब्लॉक पिनांगवान में इस्ताक हाउस से साहजादपुर सीमा तक आरएमसी रास्ता का निर्माण (डी प्लान 2023-24)। | 12.12.2023 19.12.2023 | 8.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812512519 sdoprpinangwan@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव छपार ब्लॉक व जिला चरखी दादरी (एसएफसी) में घोशाल्ला में ग्राउंड की पेवमेंट + 3 कार्य। | 12.12.2023 19.12.2023 | 33.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव घिकाड़ा, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में आईपीबी सहित गली की पेवमेंट (डी-प्लान)। | 12.12.2023 19.12.2023 | 4.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव छपार, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में धानकान चौपाल में चारदिवारी का निर्माण। | 12.12.2023 19.12.2023 | 2.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज तावडू नूह | ब्लॉक तावडू. (जिला परिषद) 122105 में गांव सेवका, गुवारका, सुनारी और चिलावाली में नमाज चबूतरा का निर्माण + 2 कार्य। | 11.12.2023 18.12.2023 | 33.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812376830 sdoprtru@gmail.com |
| 19 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी, डबवाली | गांव आसा खेड़ा में जलघर पर चारदिवारी का निर्माण + 2 कार्य। | 13.12.2023 21.12.2023 | 23.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 20 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | शाहबाजपुर डिस्टी. के कि.मी. 11.800 / आर से गांव तालाब बरूंडला को भरने के लिए डीआई पाइप लाइन बिछाना + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 20.12.2023 | 139.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2024/400/23408/I/88/6 दि. 14.12.23

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
03
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**सुविचार**

सब्र और सच्चाई एक ऐसी सवारी है जो कभी अपने सवार को गिरने नहीं देती, न किसी के कदमों में और न किसी की नजरों में। - अज्ञात



**रेवाड़ी।** एक किसान के खेत में खड़ी सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

## सुरक्षा चूक मामले पर सदन में कर रहे थे प्रदर्शन

# संसद में हंगामे के बाद लोस के 13, रास का 1 सांसद निलंबित

**कांग्रेस के 9, सीपीआई (एम), डीएमके के 2-2 व भाकपा का एक नेता सस्पेंड**

**निलंबन के बावजूद सदन में पहुंचे डेरेक ओ ब्रायन, मामला विशेषाधिकार समिति को भेजा**

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▶▶| नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे को लेकर विपक्षी सदस्यों ने बृहस्पतिवार को दोनों सदनों में हंगामा किया। इस दौरान अशोभनीय आचरण व आसन की अवमानना को लेकर विपक्षी दलों के 14 सदस्यों को मौजूदा संसद सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित किए गए सांसदों में लोकसभा के 13 सदस्य शामिल हैं। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन को निलंबित किया है। लोकसभा में पहले 14 सांसदों के निलंबन का प्रस्ताव पारित हुआ था, हालांकि बाद में सरकार ने द्रमुक सांसद एस आर पार्थिबन के निलंबन को वापस ले लिया, जो सदन में उपस्थित नहीं थे। उनका नाम त्रुटिवश निलंबित किए जाने वाले सदस्यों की सूची में शामिल हो गया था। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि दिन में निलंबित लोकसभा सदस्यों की सूची में से पार्थिबन के नाम को वापस ले लिया गया है। पहचान में गलती हुई है।



**ये सांसद निलंबित :** लोकसभा में कांग्रेस के वीके श्रीकंदन, बेनी बेहनन, मोहम्मद जावेद, मणिकम टैगोर, टी एन प्रतापन, हिबी इडेन, जोतिमणि, रम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस, द्रमुक की कनिमोई, प्रतिबन, माकपा के एस वेंकटेशन और पी आर नटराजन तथा भाकपा के के. सुब्बारायन का निलंबन हुआ है। राज्यसभा से टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन को सस्पेंड किया गया।

### कार्यवाही शुरू होते ही नारेबाजी

सदन की कार्यवाही 11 बजे शुरू हुई। जैसे ही स्पीकर ओम बिरला लोकसभा पहुंचे तो विपक्षी सांसदों ने संसद की सुरक्षा को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की। ओम बिरला ने सभी को शांति बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि कल हुई घटना से सभी चिंतित हैं, ये घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी और इस पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी को विश्वास दिलाया कि लोकसभा अध्यक्ष होने के नाते सबकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उनकी है। (पेज 7 भी देखें)

### सतर्क रहना होगाः राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में कहा कि सभी ने बुधवार की घटना की निंदा की है।



स्पीकर ने मामले का संज्ञान ले लिया है। हमें सतर्क रहना होगा कि हम संसद में दाखिल होने के लिए किसे पास मुहैया कराते हैं। सांसदों को ध्यान रखना होगा कि ऐसे लोगों को पास न दें जो अराजक माहौल पैदा कर सकें। भविष्य में सारी सावधानी बरती जाएगी। वहीं, स्पीकर ओम बिड़ला ने मामले की जांच का आश्वासन दिया।

## संसद की सुरक्षा में सेंध : सभी 6 आरोपित पकड़े गए

# मास्टरमाइंड गिरफ्तार, लोस के आठ सुरक्षाकर्मी सस्पेंड

**आरोपितों की पटियाला हाउस कोर्ट में पेशी**

**संसद की सुरक्षा बढ़ी, अब जूते उतरवाकर चेकिंग**

**आरोपित 7 दिन के रिमांड पर पुलिस का दावा, ये प्लांड अटैक**

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▶▶| नई दिल्ली

संसद पर आतंकी हमले की बरसी के दिन सुरक्षा में सेंधमारी की बड़ी घटना के मामले में अब तक पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। गृह मंत्रालय ने जांच के आदेश दे दिए हैं। दूसरी तरफ, दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने सुरक्षा में सेंध लगाने के आरोप में गिरफ्तार किए गए चार लोगों को बृहस्पतिवार को सात दिन के लिए दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने आरोपितों मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल शिंदे और नीलम देवी को एनआईए मामलों की विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर की विशेष अदालत में पेश किया था। संसद सचिवालय ने 8 सुरक्षा कर्मियों को सस्पेंड किया है। इनके नाम रामपाल, अरविंद, वीर दास, गणेश, अनिल, प्रदीप, विमित और नरेंद्र हैं। बता दें कि बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन के भीतर कूद गए। वहीं, देर रात हमले के मास्टरमाइंड ललित झा को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ( पेज 8 भी देखें)





**एजेंसियां व विशेषज्ञ करेंगे जांच :** गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह के नेतृत्व वाली एक समिति इस घटना की जांच करेगी। समिति में अन्य सुरक्षा एजेंसियों के सदस्य और विशेषज्ञ भी शामिल रहेंगे। सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह के नेतृत्व में एक जांच कमेटी बनाई गई है। इसमें अन्य सुरक्षा एजेंसियां और एक्सपर्ट शामिल हैं।

### यूएपीए के तहत केस दर्ज

दिल्ली पुलिस ने एंटी टेरर और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि कुल छह आरोपी हैं। दो अंदर घुसे थे, जबकि दो बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। दो लोगों का और नाम सामने आया। फिलहाल पांच गिरफ्त में हैं और एक फरार है।

### पीएम की मंत्रियों संग बैठक

पीएम नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक की। मीटिंग में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी व अनुराग ठाकुर मौजूद रहे।

### अब ऐसी होगी सुरक्षा

1.सांसदों, स्टाफ मेंबर्स व पत्रकारों के एंट्री गेट अलग होंगे। विजिटर्स को चौथे गेट से प्रवेश कराया जाएगा। 2. विजिटर पास जारी करने पर अभी रोक लगा दी गई है। 3. दर्शक दीर्घा के चारों ओर ग्लास की शील्ड लगाई जाएगी। 4. एयरपोर्ट की तरह बॉडी स्कैन मशीनें लगाई जाएंगी।

### पन्नू आरोपितों को देगा 10 लाख

एसएफजे आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने लीगल एड देने की पेशकश की है। उसने इस मामले में संदेश जारी करते हुए कहा-वह आरोपितों को 10 लाख की कानूनी सहायता देगा।

# हिसार में सीजन की सबसे ठंडी रात, 5.4 डिग्री पर आया पारा

**यमुनानगर प्रदेश में दूसरा सबसे ठंडा जिला**

**4 जिलों में 6 डिग्री से नीचे पहुंचा पारा**

**प्रदेश में आज भी धुंध का अलर्ट जारी**

**रेवाड़ी/हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** पहाड़ों पर हो रही भारी बर्फबारी का असर अब मैदानों में भी दिखने लगा है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुए मौसम में बदलाव से प्रदेश में ठंड बढ़ रही है। बुधवार रात को राज्य में अब तक की सबसे ठंडी रात रिकॉर्ड की गई है। हिसार के बालसमंद में 1.7 डिग्री सिल्सियस तक पारे में गिरावट आई है। यहां रात का न्यू. तापमान 5.4 डिग्री रिकार्ड किया , जबकि यमुनानगर का दामला रात में 5.5 डिग्री तापमान के साथ प्रदेश में दूसरा सबसे ठंडा स्थान रहा।

### 4 जगह में 6 डिग्री से कम पारा

प्रदेश के 5 जिलों में ठंड को लेकर हालात खराब हैं। यहां का न्यू. तापमान 6 डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। इन जिलों में हिसार 5.6, बालसमंद 5.4, पंचकूला 5.8 और यमुनानगर 5.5 डिग्री सेल्सियस शामिल हैं। इसके अलावा करनाल 6.0, सोनीपत 6.9, महेंद्रगढ़ 6.7, फतेहाबाद में 7.0 डिग्री पारा दर्ज किया गया ।

### धुंध का अलर्ट जारी

प्रदेश में धुंध को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के कई जिलों में सुबह और शाम को सड़कों पर 10 मीटर ही विजिबिलिटी रही। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि 15 दिसंबर को भी सुबह के समय प्रदेश के कई जिलों में घनी धुंध छा सकती है।

### बढ़ने लगा प्रदूषण का स्तर

प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। गुरुवार को कई जिलों में एक्यूआई 200 के पार पहुंच गया। वहीं, रेवाड़ी के धारूहेड़ा में भी प्रदूषण का स्तर 200 एक्यूआई से अधिक दर्ज किया गया। इस समय मौसम रबी फसलों के अनुकूल चल रहा है। सरसों और गेहूं की फसल का तेजी से विकास हो रहा है। सरसों में फूल के बाद फलियां आनी शुरू हो गई हैं। इस समय अगर बरसात होती है, तो दोनों फसलों को काफी फायदा होगा। फसलों में फुटाव होने से उत्पादन बढ़ेगा।



# विलुप्त कलाओं को फिर से संजो रहे

**आत्मनिर्भर भारत सेंटर फॉर डिज़ाइन**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली में गुरुवार को लाल किला परिसर में ब्रिटिश काल के बैरक में स्थित 'आत्मनिर्भर भारत सेंटर फॉर डिज़ाइन' में एक कर्मचारी एक डिजाइन दिखाता है। भारत की पारंपरिक कला, देश-दुनिया के सामने विलुप्त होती कला को नई पहचान देने की पहल की जा रही है। आत्मनिर्भर भारत के तहत देश से वे कारीगर, जिनकी कला विलुप्त होती जा रही है। उन्हें डिजाइनर के साथ जोड़कर उनकी विलुप्त होती कला को दुनिया के सामने नई पहचान देने की शुरुआत की गई है। यहां 17 अलग-अलग कलाओं को एक साथ लाया है। 10 से ज्यादा राज्यों से कारीगर डिजाइन कर रहे हैं।

# महिला जज का सीजेआई को पत्र, दूसरों को न्याय देती हूं, खुद अन्याय का शिकार हुई

## यूपी की जज ने मांगी इच्छा मृत्यु, कहा-कोर्ट में ही शोषण हुआ

**2022 में बाराबंकी में हुआ शोषण**

**बार एसोसिएशन के सदस्यों और जिला जज पर लगाए गंभीर आरोप**

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी के बांदा जिले में एक अजब मामला सामने आया है। यहां की कोर्ट में तैनात एक महिला जज ने सीजेआई को पत्र लिखकर इच्छा मृत्यु की मांग की की है। जज ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को भेजे गए पत्र में लिखा है कि भरी अदालत में मेरा शारीरिक शोषण हुआ। मैं दूसरों को न्याय देती हूं, लेकिन खुद अन्याय का शिकार हुई हूं। जब मैंने जज होते हुए इंसाफ की गुहार लगाई, तो 8 सेकेंड में सुनवाई करके पूरा मामला अनसुना कर दिया गया। मैं लोगों के साथ न्याय करूंगी, यह सोचकर सिविल सेवा ज्वइन की थी। मगर मेरे साथ ही अन्याय हो रहा है। अब मेरे पास आत्महत्या के अलावा कोई और ऑप्शन नहीं बचा है। इसलिए मुझे इच्छा मृत्यु की इजाजत दी जाए।

**यह भी लिखा :** महिला जज का इच्छा मृत्यु की मांग वाला जो लेटर सामने आया है। उसमें 15 दिसंबर की डेट लिखी है। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में जब महिला जज से बात की गई तो उन्होंने कहा कि दोस्तों को यह लेटर भेजा था। शायद उन लोगों ने वायरल किया है। हालांकि, महिला जज ने यह लेटर लिखने की बात स्वीकार की है।

### यह भी आरोप

महिला जज ने जिला न्यायाधीश पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। महिला जज के मुताबिक, 7 अक्टूबर 2022 को बाराबंकी जिला बार एसोसिएशन ने न्यायिक कार्य के बहिष्कार किया था। उसी दिन सुबह साढ़े 10 बजे मैं अदालत में काम कर रही थी। तभी बार एसोसिएशन के महामंत्री और वरिष्ठ उपाध्यक्ष कई वकीलों के साथ कोर्ट कक्ष में घुस आए और बदसलूकी की। गाली-गलौज किया।

### वकीलों ने जबरन बाहर निकाला

वकीलों ने मुझे जबरन बाहर निकाल दिया। इसके बाद मुझे धमकी दी। हमने इसकी शिकायत अगले अपने सीनियर जज से की। लेकिन, सुनवाई नहीं की। भरी कोर्ट में मुझे अपमानित किया। शारीरिक तौर पर प्रताड़ति किया गया। हालांकि, बाद में हाईकोर्ट ने इस मामले में संज्ञान लिया। लेकिन, कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

**सत्र** | सत्ता पक्ष पर हमले की तैयारी में विपक्ष, कड़ी सुरक्षा रहेगी

**चल रही तैयारी कई मुद्दों पर गर्माएगा सदन**

# विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से, हंगामेदार रहने के आसार

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

लोकसभा में घुसपैठ की घटना के बाद हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर भी कड़ी सुरक्षा के आदेश दिए गए हैं। विधानसभा का सत्र शुक्रवार सुबह 11 बजे से शुरू होगा। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता दो बार सुरक्षा को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ मंथन कर चुके हैं। इस बार का सत्र कई मायनों में अहम होगा। पक्ष-विपक्ष एक दूसरे हमले के लिए तैयार हैं। गुरुवार को हुई बीएसी की बैठक में तीन दिन के सत्र पर मुहर लगी है। सूत्रों का कहना है कि सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। विपक्ष ने सत्ता पक्ष को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है, वहीं सत्ता पक्ष भी पलटवार को तैयार है।

### कड़ा रहेगा सुरक्षा पहरा

शीतकालीन सत्र में आने वालों को कड़ी सुरक्षा के पहरे और जांच पड़ताल से गुजरना होगा। विधानसभा के अंदर मंत्रियों विधायकों का स्टाफ प्रवेश नहीं कर सकेगा। इतना ही नहीं लोकसभा के घटनाक्रम बुधवार की घटना के बाद हरियाणा विधानसभा की दर्शक दीर्घा में बैठना भी आसान नहीं होगा, बल्कि आने वाले वक्त में यहां पर भी पाबंदी लगाए जाने की तैयारी है। हरियाणा विधानसभा में दर्शक गैलरी एकदम स्पीकर की चेयर के साथ में बनाई गई है।



**तीन दिन तक चलेगा सत्र, बीएसी की बैठक में फैसला नेता विपक्ष बोले, सत्र बहुत ही छोटा बुलाया गया**

### कांग्रेस हमले को तैयार

नेता विपक्ष पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा उनके सभी विधायक भी सत्ता पक्ष पर सियासी हमले का होमवर्क पूरा कर चुके हैं। देर शाम हुड्डा की अध्यक्षता में कांग्रेस की बैठक हुई। कांग्रेस भी सरकार की योजनाओं पोर्टल के साथ-साथ हरियाणा कौशल रोजगार निगम की व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार के विरुद्ध लोगों में नाराजगी व्याप्त है। तीन राज्यों में भाजपा की जीत के बावजूद हरियाणा में मनोहर लाल सरकार के विरुद्ध लोगों में नाराजगी और खिलाफत है। इनेलो विधायक अभय चौटाला भी सरकार को घेरने की तैयारी कर रहें हैं।

### इन मुद्दों पर होगा हंगामा संभव

कांग्रेस के विधायक सरकार की नीतियों, कानून व्यवस्था की हालत खराब होने, स्वास्थ्य विभाग के हालात खराब होने, जहरीली शराब से मौतों और नौकरियों के साथ-साथ धरना दे रहे कर्मचारी कोविड के दौरान काम करने वाले कर्मचारियों को नौकरी से बाहर का रास्ता दिखाने जैसे मुद्दों को जोरशोर से उठाने की तैयारी कर रहे हैं।

### जनहित से जुड़े मुद्दे उठाए विपक्ष : विज

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का कहना है कि विपक्ष को रचनात्मक सोच के साथ सदन में तथ्यों के आधार पर जनहित से जुड़े मुद्दे उठाने चाहिए, बिना वजह व्यक्तिगत आरोप और शोर गुल हंगामा खड़ा करने से सदन का वक्त जाया होता है। उन्होंने कहा कि हम विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हैं।

ॐ
मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे
(हम सब एक दूसरे को मित्र की दृष्टि से देखें)
(यजुर्वेद 36.18)



स्व. चौ. मित्रसेन आर्य जी
(15 दिसम्बर 1931- 27 जनवरी 2011)
की 93वीं जयन्ती पर
भावपूर्ण स्मरण
आपके विचार व सिद्धांत हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे
परममित्र मानव निर्माण संस्थान

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बोलेरो, एक की मौत

**नीलोखेड़ी।** कमालपुर गांव के पास हादसे में बोलेरो सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत गई। जबकि दो गंभीर घायल हो गए। बुधवार की देर रात कुरक्षेत्र के अमृतसरी फार्म का रहने वाला नवदीप अपनी बुआ के लड़के गुरमुख सिंह व साथी जानपाल के साथ नीलोखेड़ी से पेहवा की तरफ जा रहा था। उनकी गाड़ी कमालपुर गांव से आगे एबला मोड के पास सामने से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने लापरवाही से ट्रैक्टर चला रहा था। बोलेरो जैसे ही साइड से क्रॉस करने लगी तो ट्रॉली से जा टकराई। बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गई और उसे चला रहे गुरमुख की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि नवदीप व जानपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। बुटाना थाना के जांच अधिकारी धर्मेन्द्र ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### टेन में नशीली चाय पिला जेवर और नकदी उड़ाई

**अंबाला।** जननायक एक्सप्रेस गाड़ी से पंजाब के ब्यास जंक्शन से बिहार के छपरा जा रहे युवक की जेब से चोरों ने सोने के जेवर और 20 हजार चोरी कर लिया। घटना अंबाला स्टेशन पर हुई। बिहार के सलेमपुर (छपरा) के मुकेश कुमार ने बताया कि 3 दिसंबर शाम 7 बजे ब्यास जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर-2 पर वह जननायक एक्सप्रेस का इंतजार कर रहा था। इस दौरान दो अनजान युवकों से मुलाकात हुई। वे भी साथ में ट्रेन में चढ़ गए। दोनों ने ट्रेन में उसे नशीली चाय पिला दी। मुरादाबाद जंक्शन आंख खुली। तब सोने का समान गायब मिला।

संसद सुरक्षा चूक मामले में उचाना में हुई पंचायत में तीन प्रस्ताव पास

# संसद पर हंगामा करने वाली नीलम के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा

## नीलम की रिहाई, यूएपीए एक्ट हटाने की मांग, युवाओं को रोजगार दिलाने में सरकार करे मदद

- बेटे के साथ दिल्ली जाएंगी नीलम की मां सरस्वती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

संसद की सुरक्षा में सेंध मामले में गिरफ्तार गांव घसो खुर्द निवासी नीलम के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा उतर आया है। उचाना के तहसील कार्यालय के आगे वीरवार को पंचायत हुई। इसमें मुख्य रूप से दाडन खाप से सूरजनभान, सिक्किम श्योकंद, माजरा खाप से समुंद्र फोर सहित अन्य कई खाप नेता शामिल हुए। धरना संयोजक आजाद पालवां ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली के अंदर जो घटना घटी है, उसमें घसो खुर्द गांव की बेटी नीलम ने अपनी आवाज को बुलंद किया है। नीलम ने विद्यार्थी, बेरोजगारों, गरीब, मजदूरों की आवाज को उठाया है। इसलिए इस पंचायत का आयोजन किया गया है। पालवां ने कहा कि इन नौजवानों की मंशा खराब नहीं थी, इनके विचार गलत नहीं थे, किसी को हानि पहुंचाने की मंशा नहीं थी। इसलिए संगीन एक्ट लगने का औचित्य नहीं बनता है। अगर उनकी मांगें नहीं मानी गई तो फिर खाप पंचायतें पूरे हरियाणा में सभी संगठनों से बात कर बड़ा फैसला लेने का काम करेंगे। पंचायत में किसान नेत्री सिक्कम श्योकंद ने नीलम द्वारा किए गए कार्य को पूरी तरह से सही बताते हुए और कहा कि सरकार को जागने के लिए यह बहुत जरूरी था। नीलम ने इस विरोध के माध्यम से बेरोजगार युवाओं की आवाज को उठाया है।



उचाना। पंचायत को संबोधित करते किसान नेता आजाद पालवां। फोटो : हरिभूमि

### यह प्रस्ताव पास

पंचायत में नीलम के समर्थन में तीन प्रस्ताव पास किए गए। पहला प्रस्ताव है कि किसान, मजदूर की आवाज उठाने के लिए युवा को रोजगार दिलाने में सरकार मदद करे। युवाओं की रोजगार की मांग को उठाने वाली नीलम को रिहा किया जाए। नीलम पर यूएपीए की जो संगीन धारा लगाई गई है, उसे हटाया जाए।

### युवाओं की आवाज उठाई

नीलम की मां सरस्वती देवी ने कहा कि जब कोई बच्चा इतना पढ़ने के बाद भी बेरोजगार रहता है तो वह निश्चित कुछ गलत कर सकता है लेकिन नीलम ने बेरोजगार युवाओं की आवाज को उठाया है। दिल्ली जाने पर सरस्वती देवी ने कहा कि किसान संगठन और खाप पंचायतें इकट्ठा हो रही हैं और उनका बेटा उनके साथ दिल्ली जाएगा।

## हिसार में पुलिस ने नीलम का रूम किया सील, पीजी की लड़कियों से भी पूछताछ

- डीएसपी ने श्री बालाजी पीजी का किया दौरा
- पीजी संचालक से नीलम का रिकॉर्ड-डीवीआर कब्जे में लिया
- रामपाल की अनुयायी थी आरोपित नीलम

**हिसार।** संसद में सुरक्षा चूक के मामले में डीएसपी सज्जन सिंह ने रामपुरा मोहल्ला स्थित श्री बालाजी पीजी का दौरा किया। डीएसपी ने आरोपित नीलम के साथ पीजी में रहने वाली अन्य लड़कियों तथा पीजी संचालक से साथ पूछताछ की। नीलम के कमरे को पुलिस ने सील कर दिया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि नीलम रामपाल की अनुयायी थी और उसके कमरे में रामपाल की लिखी कई पुस्तक भी मिलीं। पुलिस ने पीजी संचालक से नीलम का रिकॉर्ड और डीवीआर को कब्जे में लिया है। पीजी के अंदर-बाहर पुलिस की तैनाती की गई है और केंद्रीय एजेंसी की तरफ से मिलने वाले आगामी आदेशों का इंतजार है। इससे पूर्व डीएसपी सज्जन सिंह बृहस्पतिवार की सुबह करीब साढ़े बजे रामपुरा मोहल्ला पहुंचे और श्री बालाजी पीजी में रहने वाले आरोपित नीलम के बारे में पीजी संचालक तथा वहां रहने वाली लड़कियों से पूछताछ की। डीएसपी को पीजी में रहने वाले लड़कियों ने बताया कि नीलम 16 अगस्त को पीजी में रहने आई थी। कुछ दिन के बाद वह दो-तीन दिन पीजी में रूकती और पांच दिन बाहर रहती। जब वह पीजी से हमेशा अपने गांव घसो खुर्दा में जाने की बात कह कर जाती थी। नीलम की राजनीति में रुचि थी और वह क्रांकिरी बातें पर चर्चा करती रहती थी।



हिसार। पीजी में निरीक्षण करने पहुंचे डीएसपी सज्जन सिंह।

> पीजी संचालक से आरोपित नीलम का रिकॉर्ड तथा डीवीआर को कब्जे में लिया गया है। नीलम के साथ रहने वाली लड़कियों से पूछताछ की गई है। लड़कियों ने पुलिस को बताया कि वह खुले विचारों की थी। कमरे को सील कर पीजी के अंदर और बाहर पुलिस की तैनाती की गई है।- ***सज्जन सिंह डीएसपी, हिसार।***

## ब्रह्मसरोवर पर संध्या आरती



**कुरुक्षेत्र।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के तट पर पर्यटकों के मनोरंजन के लिए तरह-तरह के लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। ब्रह्मसरोवर के पावन तटों पर भारतीय संस्कृति की महक को दूर-दूर तक महसूस किया जा रहा है। इस संस्कृति की महक का एहसास करने के बाद एकाएक देश-विदेश के लोग यहां पुहंच रहे हैं।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Sonia Sheokand
Additional Civil Judge
(Senior Division), Ganaur
HARSHIT MINOR
Vs.
GENERAL PUBLIC
H.m.g.Act/19/2023
CNR No. HRSOA0-000567-2023
Next Date:- 03-01-2024

It is prayed that the petition may be accepted and permission may be granted to the petitioner (Harshit Minor Slo Hari Om, through his mother Anita Devi W/o Hari Om, Vill. Khizarpur Ahir, Teh. Ganaur, Distt. Sonepat at present- Narela) to sell his 5/48 share ie. 1 Kanal-15Maria, out of the land mentioned in para no. 1 of the petition, in the interest of justice.

PUBLICATION ISSUED TO:
GENERAL PUBLIC
GANAUR, DISTT. SONEPAT, HARYANA

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **03-01-2024 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat

Sd/-
Additional Civil Judge,
(Senior Division), Ganaur

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Sonia Sheokand
Additional Civil Judge
(Senior Division), Ganaur
CANARA BANK
Vs.
MR. GURU PARSAD
CASE NO:- CS/02/2022
CNR No. HRSOA0-000003-2023
Next Date:- 20-02-2024

It is prayed that a decree be kindly passed in favour of the plaintiff bank for recovery of Rs. 1,15,149.49/- as on 13.10.2021 along with interest @ 11.90% per annum with yearly rests plus 2% penal interest costs and charges as detailed in the plaint from 13.10.2021 date of application till date of payment. And Litigation expenses also of rupees 21,000/- be also awarded in favour of the plaintiff bank.

NOTICE TO DEFENDANT BE ISSUED THROUGH PUBLICATION:
DEFENDANT - MR. GURU PARSAD S/O MR. ANAND HOUSE NO. 296/13, NEAR TELEPHONE EXCHANGE, JIMHAR COLONY, GANAUR, TEHSIL GANAUR, DISTT. SONEPAT, MOB. 8529835486

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **20-02-2024 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat

Sd/-
Additional Civil Judge,
(Senior Division), Ganaur

## हिसार में भाभी के हत्यारे को उम्रकैद व 60 हजार जुर्माना

**हिसार।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत की अदालत ने भाभी के हत्यारे देवर को उम्रकैद व जुर्माना की सजा सुनाई है। दोषी देवर प्रेम सिंह पर 60 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। अदालत में चले मामले के अनुसार यह घटना जिले के आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव सदलपुर की है। इस संबंध में आदमपुर थाना पुलिस ने 23 मई 2022 को प्रेम सिंह के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। मामले के अनुसार राजस्थान के गंगानगर के रहने वाले मंदीप ने बताया कि दो मार्च 2016 को सदलपुर निवासी पृथ्वी के साथ बड़ी बहन किरण और प्रेम सिंह के साथ छोटी बहन दीपिका की शादी की थी। शादी के कुछ समय बाद जीजा प्रेम सिंह छोटी बहन दीपिका को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा। दोनों पक्षों में पंचायत भी हुई थी, लेकिन बहन को प्रताड़ित करना बंद नहीं किया। दीपिका चार साल से हमारे पास रह रही है। आरोप अनुसार प्रेम सिंह अपनी भाभी किरण के साथ मारपीट करता था। इसी के चलते 23 मई को जीजा पृथ्वी सिंह ने बताया कि रात को प्रेम सिंह ने किरण की तेजधार हथियार से वार कर हत्या कर दी। इसी मामले में अदालत ने हत्यारे देवर को उम्रकैद व जुमार्ने की सजा सुनाई।



- यह घटना जिले के आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव सदलपुर की

## जींद में अश्लील हरकत में तीन साल कैद

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. चंद्रहास की अदालत ने अश्लील हरकत करने, चोरी करने तथा धमकी देने के जुर्म में दोषी को तीन साल का कारवास तथा 16 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी को तीन वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार सदर थाना सफीदोंइलाके के गांव के एक व्यक्ति ने 19 नवंबर 2021 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बीती रात गांव का ही अनिल उनके घर में घुस आया और उसकी 15 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। उसकी बेटी द्वारा शोर मचाए जाने पर आरोपित धमकी देता हुआ फरार हो गया। आरोपित घर से चोरी भी कर ले गया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अनिल के खिलाफ छेडछाड करने, दुष्कर्म की कोशिश करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. चद्रहास की अदालत ने अनिल को 12 पाक्सो, आठ पाक्सो, चोरी करने, धमकी देने के जुर्म में तीन साल का कारावास तथा 16 हजार रुपये जुर्माने के सजा सुनाई है।

- सजा के इलावा 16 हजार लगाया जुर्माना

## विज से मिली इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल की टीम

- इलेक्ट्रोहोम्योपैथी को मान्यता देने के लिए दस्तावेज सौंपे
- विज ने दिया आश्वासन, विस सत्र में रखेंगे दस्तावेज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



प्रदेश की इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल की टीम ने गुरुवार को स्वास्थ्य एवं गृहमंत्री अनिल विज से उनके चंडीगढ़ कार्यालय पर मुलाकात की और इलेक्ट्रोहोम्योपैथी को मान्यता देने के लिए दस्तावेज स्वास्थ्य मंत्री को सौंपे। इस पर विज ने भी आश्वासन दिया कि वे इन दस्तावेजों को विधानसभा के शीत सत्र के दौरान सदन में रखेंगे।

सदन में विचार विमर्श होने के बाद इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मान्यता देने के पूरे प्रयास किए जाएंगे। बता दें कि पिछले सप्ताह विज ने इलेक्ट्रोहोम्योपैथी को मान्यता देने के लिए दस्तावेज मांगे थे। इस अवसर पर संस्था के फाउंडर डॉ. विनोद खनगवाल, चेयरमैन डॉ. नारायण सिंह तेवतिया, वाइस चेयरमैन डॉ. विनोद, सचिव डॉ. ज्ञान चंद सैनी, लीगल एडवाइजर डॉ. संदीप सैनी, रजिस्ट्रार डॉ. वेदपाल सिंह, कार्यकारी सचिव डॉ. मणि मेहता, कार्यकारी चेयरमैन डॉ. पीके अरोड़ा, सचिव झज्जर, डॉ. रोहित कटारिया, पलवल से प्रधान डॉ. राजपाल चौधरी और पलवल से ही वायस प्रधान डॉ. पारस राम मौजूद थे।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-निविदा**
**खुली निविदा संख्या- एन.आई.टी.-05-गति शक्ति-अम्बाला-2023-24 दिनांक 14.12.2023**

मुख्य परियोजना प्रबन्धक/गति शक्ति/उ.रे./अंबाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेंडरिंग द्वारा इच्छुक ठेकेदारों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो कार्य के सामने दी गयी तिथि समय 15.00 बजे तक खुली रहेगी तथा इसके बाद खोली जाएगी

| | |
|---|---|
| **क्र. सं. 1. कार्य का नाम :** खानआलमपुरा/आर.ओ.एच डिपो में मौजूदा सिकलाइन शेड के विस्तार और ऊंचाई को बढ़ाकर वैगन रखरखाव व बुनियादी ढांचे में सुधार कार्य | |
| **अनुमानित राशि :** 5,45,80,954/- | **अग्रिम राशि :** 4,23,000/- |
| **कार्य समाप्ति समय :** 9 Months | **निविदा खुलने की तिथि :** 19.01.2024 |
| **क्र. सं. 2. कार्य का नाम :** खानआलमपुरा में 3- फेज लोको और ट्रेनिंग सुविधाओं की मुरम्त के संबंध में पिट लेथ मशीन व प्रेस मशीन शॉप तक मौसमी सड़क का प्रोविजन, गड्ढों का विस्तार, वर्षा जल परीक्षण, बोरिंग, बागवानी और जल निकासी का क्रिएशन/मोडिफिकेशन कार्य | |
| **अनुमानित राशि :** 1,36,16,568/- | **अग्रिम राशि :** 2,18,100/- |
| **कार्य समाप्ति समय :** 6 Months | **निविदा खुलने की तिथि :** 19.01.2024 |
| **क्र. सं. 3. कार्य का नाम :** बठिंडा-श्रीगंगा नगर खंड में अबोहर स्टेशन पर ढोल साइडिंग में सर्कुलेटिंग एरिया, एप्रोच रोड और ड्रेनेज सिस्टम का राहत विकास कार्य | |
| **अनुमानित राशि :** 2,81,68,462/- | **अग्रिम राशि :** 2,90,900/- |
| **कार्य समाप्ति समय :** 6 Months | **निविदा खुलने की तिथि :** 19.01.2024 |

नोट :- 1. इच्छुक ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सर्टिफिकेट द्वारा लॉगऑन करना होगा। 2. अग्रिम राशि ऑनलाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. इच्छुक ठेकेदार को शर्तों के अनुसार योग्यता डॉक्यूमेंट, PAN/TIN/GST इत्यादि की स्कैनिंग कॉपी ही IREPS वेबसाइट में अपलोड करनी होगी। 5. विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन 3931/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। यात्रा से कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मिथुन** — आत्मविश्वास बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं।

**कर्क** — मन में निराशा एवं असन्तोष भी रहेगा। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**सिंह** — परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**कन्या** — कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। आय में वृद्धि होगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। जीवनसाथी से मनमुटाव रहेगा।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती है। सचेत रहें। लाभ के अवसरों में बढ़ोतरी होगी।

**धनु** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर समुचित ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं से चिंतित रहेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु आलस्य की अधिकता भी हो सकती है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। साक्षात्कारादि में सफलता मिलेगी।

**मीन** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। किसी क्षेत्र में निवेश के अवसर प्राप्त होंगे।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

फोन करते ही जिन्दगी संवारे
खुदा ने चाहा तो किसी प्यार टूटने नहीं दूंगा
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
मियां पठान बंगाली
गोल्ड मेडलिस्ट
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
7500542070
https://www.miyapathanjibangali.com

**फाईनैंस**

☞ MAHENDRA FINANCE COMPANY, काम हमारा विश्वास आपका सरकारी योजना, मुद्रा लोन (10+2), मार्कशीट, प्रोपेर्टी, पर्सनल, बिजनेस, मकान, 3 LAKH से 40 LAKH तक लोन। महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट ऑनलाइन सुविधा घर बैठे पायें। 2% ब्याज, 30% सब्सिडी। (10 मार्कशीट 24 घंटे 3 लाख का लोन) सिबिल खराब लोन पाएं, 93503 86748, पहले आएं पहले पायें

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## बंदी ने चंडीगढ़ में अस्पताल की तीसरी मंजिल से लगाई छलांग, गंभीर

- जेल में कांच निगलकर आत्महत्या का प्रयास किया था
- गंभीर हालत में अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल से चंडीगढ़ किया गया था रेफर

**अंबाला।** चंडीगढ़ के सेक्टर-32 स्थित सरकारी अस्पताल में उपचाराधीन बंदी पुलिस कर्मियों को धक्का देकर फरार हो गया। बंदी की पहचान गगनदीप सिंह के रूप में हुई है। उसे रात को करीब 1:30 बजे अंबाला से यहां भर्ती करवाया गया था। उसने जेल में शीशा निगलकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। चंडीगढ़ के सरकारी अस्पताल में उपचार के बाद उसकी सेहत में सुधार हो रहा था। पता चला है कि आरोपी उपचार के दौरान ही सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी को धक्का मार कर फरार हो गया। उसने अस्पताल की तीसरी मंजिल से छलांग लगाई है। अब अंबाला पुलिस की ओर से इस मामले में चंडीगढ़ के सेक्टर-34 पुलिस थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने केस दर्ज कर फरार बंदी की तलाश शुरू कर दी है। बंदी की धरपकड़ के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाल रही है। अभी जेल प्रबंधन की ओर से फरार बंदी की पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। जेल अधिकारियों की मानें तो आरोपी ने देर रात कांच निगलकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। उसे गंभीर हालत में अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां उसे चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत) हरियाणा | डायरी, कलेंडर और वॉल कलेंडर के मुद्रण हेतु निविदा सूचना। | 14.12.2023 23.12.2023 | 4 लाख | www.bpsmv.ac.in | 01263-282346 purchasebpsmv@gmail.com |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23386/I/88/6 दि. 14.12.23

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | एमसी महम में विभिन्न स्थानों पर सीवरेज सिस्टम में ड्रेन्स की टैपिंग। | 11.12.2023 30.12.2023 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 secretary.mc.meham@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23389/I/88/6 दि. 14.12.23

## शब्द पहेली - 5364



**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

**शब्द पहेली - 5363 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5374

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5373 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# सूर्या का तूफानी शतक, दक्षिण अफ्रीका को 106 रनों से रौंदा

## कुलदीप का चला जादू, सीरीज एक-एक से बराबर



भाषा ▶▶| जोहानिसबर्ग

भारत ने टी20 सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबले में साउथ अफ्रीका को हरा दिया है। जोहानिसबर्ग के न्यू वांडरर्स स्टेडियम पर भारत ने 106 रनों से जीत हासिल की। कप्तान सूर्यकुमार यादव के आक्रामक शतक की मदद से भारत ने टॉस हारकर पहले खेलते हुए सात विकेट पर 201 रन बनाये। साउथ अफ्रीका ने लगातार विकेट खोए और 95 रनों पर उनकी पारी सिमट गई। बर्थडे बॉय कुलदीप यादव ने 5 शिकार किए। भारत की इस जीत के साथ ही तीन मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर खत्म हो गई।

### सूर्या का चौथा टी20 शतक

दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिये भेजा। सूर्यकुमार ने 56 गेंद में सात चौकों और आठ छक्कों की मदद से 100 रन बनाये जो उनका चौथा टी20 शतक है। वहीं युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 41 गेंद में 60 रन की पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 112 रन की साझेदारी की। शुभमन गिल और जायसवाल ने पारी का आगाज करते हुए 14 गेंद में ही 29 रन जोड़ लिये लेकिन बायें हाथ के स्पिनर केशव महाराज ने इस साझेदारी को बड़ा नहीं होने दिया। उन्होंने दो गेंद में दो विकेट लेकर गिल और तिलक वर्मा को पवेलियन भेजा।

### यशस्वी की भी दमदार पारी

पावरप्ले के बाद भारत का स्कोर दो विकेट पर 62 रन था। अगले चार ओवर में 25 रन ही बने और दस ओवर के बाद स्कोर दो विकेट पर 87 रन था। इसके बाद दोनों ने आक्रामक तेवर अख्तियार कर लिये। सूर्यकुमार ने दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को मैदान के चारों ओर शॉट खेले। तेज गेंदबाज एंडिले फेलुकवायो की उन्होंने सबसे ज्यादा धुनाई की। उन्होंने फेलुकवायो के 13वें ओवर में 22 रन निकाले जिसमें तीन छक्के और एक चौका शामिल था। उन्होंने छक्के के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। जायसवाल ने भी लिजाड विलियम्स को मिडविकेट पर छक्का लगाया।

वह कलाई के स्पिनर तबरेज शम्सी को लांग आफ पर ऊंचा शॉट खेलने के प्रयास में रीजा हेंड्रिक्स को कैच दे बैठे। सूर्यकुमार ने विलियम्स की गेंद पर दो रन लेकर अपना शतक पूरा किया। इसके तुरंत बाद वह विलियम्स की गेंद पर सीमारेखा पर मैथ्यू ब्रीज्के को कैच देकर लौटे। आखिरी ओवर में जितेश शर्मा हिट विकेट हो गए।

### पावरप्ले में गिरे 3 विकेट

साउथ अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। पहले ओवर में मोहम्मद सिराज ने कोई रन नहीं दिया। दूसरे ओवर में मुकेश कुमार ने मैथ्यू ब्रीज्के (04) को बोल्ड कर दिया। फिर सिराज की डायरेक्ट हिट पर रीजा हेंड्रिक्स (8) भी रन आउट हो गए। लेकिन एडेन मार्करम एक तरफ से अटैक कर रहे थे। पावरप्ले के आखिरी ओवर में क्लासेन भी आउट हो गए। अर्शदीप सिंह ने उनका शिकार किया।

**भारत-201/7 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का हेंडरिक्स बो शम्सी | 60 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो महाराज | 8 |
| तिलक वर्मा का मार्कराम बो महाराज | 0 |
| सूर्यकुमार का ब्रीज्के बो विलियम्स | 100 |
| रिंकू सिंह का स्टब्स बो बरगर | 14 |
| जितेश शर्मा हिट विकेट बो विलियम्स | 4 |
| रविंद्र जडेजा रन आउट | 4 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 2 |

अतिरिक्त : नौ रन
कुल योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 201 रन
विकेट पतन : 1-29, 2-29, 3-141, 4-188, 5-194, 6-199, 7-199
गेंदबाजीः बरगर 4-0-39-1, मार्कराम 1-0-15-0, महाराज 4-0-26-2, विलियम्स 4-0-46-2, फेलुकवायो 3-0-33-0, शम्सी 4-0-38-1

**अफ्रीका- 95/10(13.5)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रीजा हेंडरिक्स रन आउट | 8 |
| मैथ्यू ब्रीज्के बो मुकेश | 4 |
| मार्कराम का जायसवाल बो जडेजा | 25 |
| हेनरिच का सिंह बो अर्शदीप | 5 |
| डेविड मिलर बो कुलदीप | 35 |
| डोनोवन फेरेइरा बो कुलदीप | 12 |
| फेलुकवायो का और बो जडेजा | 0 |
| केशव महाराज बो कुलदीप | 1 |
| नांद्रे बरगर पगबाधा बो कुलदीप | 1 |
| विलियम्स पगबाधा बो कुलदीप | 0 |
| तबरेज शम्सी नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : तीन रन
कुल योग : 13.5 ओवर में 95 रन
विकेट पतन : 1-4, 2-23, 3-42, 4-42, 5-75, 6-82, 7-89, 8-94, 9-94
गेंदबाजीः सिराज 3-1-13-0, मुकेश 2-0-21-1, अर्शदीप 2-0-13-1, जडेजा 3-0-25-2, वर्मा 1-0-4-0, कुलदीप 2.5-0-17-5

### कुलदीप ने किए 5 शिकार

इसके बाद भारतीय स्पिनर का जादू चला। रविंद्र जडेजा ने दो विकेट लिए जबकि कुलदीप यादव ने 5 विकेट लेकर साउथ अफ्रीका को कोई मौका नहीं दिया। कुलदीप यादव ने सिर्फ 17 रन खर्च किए और टी20 इंटरनेशनल में यह उनका बेस्ट प्रदर्शन है। 75 के स्कोर पर 5वां विकेट खोने वाले मेजबान टीम 95 पर ऑलआउट हो गई। उनके अंतिम 5 बल्लेबाज मिलकर सिर्फ 3 रन ही बना सके। आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए डेविड मिलर ने सबसे ज्यादा 35 रनों का योगदान दिया।

## खबर संक्षेप



### बांह पर काली पट्टी बांधकर उतरे ख्वाजा

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को उन जूतों को पहनने की अनुमति नहीं दी गई जिस पर उन्होंने 'सभी जीवन समान हैं' का संदेश लिखा था जिससे वह पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के शुरुआती क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बांह पर का काली पट्टी बांधकर उतरे। आईसीसी ने बुधवार को ख्वाजा को उन जूतों को पहनने की अनुमति नहीं दी जिस पर उन्होंने जाहिर तौर पर गाजा के संदर्भ में कुछ संदेश लिखे थे। आईसीसी के नियम टीम की पोशाक या उपकरणों पर राजनीति या धार्मिक बयान के प्रदर्शन की अनुमति नहीं देते हैं।

### बशीर ने मैकुलम को नजरअंदाज किया

**लंदन।** इंग्लैंड के युवा ऑफ स्पिनर शोएब बशीर ने कुछ दिन पहले न्यूजीलैंड के 'डायलिंग कोड नंबर' से एक 'मिस्ड कॉल' देखी और उन्होंने इसे यह समझते हुए नजरअंदाज किया कि यह किसी ने ऐसे ही कर दिया होगा। छह प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके बशीर ने सपने में भी नहीं सोचा था कि यह नंबर न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रैंडन मैकुलम का हो सकता है और इंग्लैंड की टेस्ट टीम का कोच उन्हें टीम में चुने जाने की रोमांचक खबर देने के लिए फोन कर रहा था। बशीर ने बताया, 'मैंने नंबर देखकर सोचा, 'ये कौन है'? यह कोई ऐसा ही कोई नंबर हो सकता है।'

### 'क्रॉनिक किडनी' रोग से पीड़ित हैं कैमरन

**पर्थ।** आस्ट्रेलिया के आल राउंडर कैमरन ग्रीन ने खुलासा किया कि जब वह पैदा हुए थे तो वह 'इररिवर्सिबल क्रॉनिक किडनी' रोग से पीड़ित थे। आस्ट्रेलिया के इस दुबले पतले हरफनमौला खिलाड़ी ने कहा कि एक समय उनके 12 साल से ज्यादा जीने की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस बीमारी के कोई लक्षण नहीं होते और इसमें किडनी को ठीक भी नहीं किया जा सकता। ग्रीन ने कहा, 'जब मेरा जन्म हुआ तो मेरे माता पिता को बताया गया कि मुझे 'इररिवर्सिबल क्रॉनिक किडनी' बीमारी है जिसके कोई लक्षण नहीं होते लेकिन अल्ट्रासाउंड के जरिए इसका पता चला।'

### भारत की दृष्टिबाधित महिला टीम ने जीती श्रृंखला

**मुंबई।** सुषमा पटेल की 37 गेंद में 45 रन की पारी की बदौलत भारत ने गुरुवार को चौथे टी20 मुकाबले में नेपाल को यहां सात विकेट से हराकर दृष्टिबाधित महिलाओं की पांच मैच की द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली। नेपाल की टीम टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी। मेहमान टीम ने कप्तान बिंता पुन की 69 रन की पारी और मानकेशी चौधरी के साथ उनकी 101 रन की साझेदारी से 20 ओवर में छह विकेट पर 165 रन का स्कोर खड़ा किया।

## क्रिकेट : शुभा, जेमिमा, यास्तिका और दीप्ति का शानदार अर्धशतक

# टेस्ट में भारतीय महिला टीम का धमाका स्टंप तक सात विकेट पर बनाए 410 रन

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

भारतीय महिला टीम ने बल्ले से आक्रामक प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र महिला टेस्ट के पहले दिन स्टंप तक सात विकेट पर 410 रन का विशाल स्कोर बना लिया। करीब दो साल में पहला टेस्ट और अपनी सरजमीं पर नौ साल में लाल गेंद का अपना पहला मैच खेल रही भारतीय टीम ने डीवाई पाटिल स्टेडियम की बल्लेबाजी के मुफीद पिच पर दमदार खेल दिखाया और प्रति ओवर लगभग पांच रन जोड़े। पर्दापण कर रही चौबीस साल की शुभा सतीश ने शानदार फुटवर्क के साथ गेंदबाजों की लाइन एवं लेंथ को अच्छी तरह पढ़ते हुए 76 गेंद में 13 चौकों से 69 रन की पारी खेली। उन्होंने करीब 91 के स्ट्राइक रेट से रन जुटाए। इस तरह शुभा पदार्पण में अर्धशतक जड़ने वाली भारत की 12वीं बल्लेबाज बन गईं। सोफी एक्लेस्टोन ने उन्हें नैट साइवर ब्रंट के हाथों कैच आउट कराया। डेब्यू में जेमिमा रोड्रिग्स ने भी अपने अनुभव के दम पर 68 रन की पारी के दौरान 11 चौके जमाए।



शुभा सतीश 69 रन
जेमिमा रोड्रिग्स 68 रन



दीप्ति शर्मा 60* रन



यास्तिका भाटिया : 66 रन

### हरमनप्रीत और यास्तिका का तूफान

*भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्वीप शॉट से शुरुआत की और वह अच्छी फॉर्म में दिख रही थीं लेकिन एक रन लेने के प्रयास में डैनी वियाट के थ्रो ने उन्हें रन आउट कर दिया। हरमनप्रीत ने 81 गेंद में छह चौकों की मदद से 49 रन बनाए। पर उन्होंने और यास्तिका भाटिया (66 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी की जो भारत के लिए इस प्रारूप में दूसरी सबसे बड़ी भागीदारी है। यास्तिका ने भी तेजी से रन जुटाए और वह कभी भी जोखिम लेती हुई नहीं दिखीं। बायें हाथ की विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपनी पारी के दौरान 10 चौके और पारी का एकमात्र छक्का भी जड़ा।*

## छह विदेशी खिलाड़ियों के नियम का पालन करेगा सुपर कप

***नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने गुरुवार को घोषणा की कि कलिंगा सुपर कप टूर्नामेंट एएफसी के छह विदेशी खिलाड़ियों के नियम का पालन करेगा। इसमें भाग लेने वाली 16 प्रतिभागी टीम अपने शुरुआती लाइनअप में छह विदेशी खिलाड़ियों को शामिल कर सकती हैं जिसमें से एक एशिया से हो। यह एएफसी क्लब प्रतियोगिता के दिशानिर्देशों के अनुसार ही है। एआईएफएफ ने कहा, 'यह फैसला इस बात को ध्यान में रखते हुए लिया गया है कि कलिंगा सुपर कप की विजेता टीम 2024-25 एएफसी चैंपियंस लीग 2 के लिए क्वालीफाई करेगी।' इंडियन सुपर लीग 'तीन प्लस एक' नियम का पालन करती है लेकिन शीर्ष स्तर की लीग छह विदेशी खिलाड़ियों को रखने की अनुमति देती है। इंडियन सुपर लीग के 12 क्लबों को सीधे प्रवेश मिला है जबकि बची हुई चार टीम के निर्धारण के लिए आई लीग फ्रेंचाइजी क्वालीफायर खेलेंगी। टीम को चार ग्रुप में विभाजित किया गया है जिसमें से शीर्ष चार सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।*

## रॉयल्स टीम पर जुर्माने की कटौती बरकरार

***मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स के मालिकों पर कथित वित्तीय अनियमितताओं के लिए लगाए गए जुर्माने को कम करने के एक न्यायाधिकरण के आदेश को बरकरार रखा है। न्यायाधिकरण ने जुर्माने की 98 करोड़ रुपए की राशि को घटाकर 15 करोड़ रुपये करने का आदेश पारित किया था। न्यायमूर्ति के आर श्रीराम और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर की गई अपील को खारिज कर दिया जिसमें उसने 11 जुलाई 2019 को न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी थी।*

# वॉर्नर ने बनाया 26वां टेस्ट शतक आलोचकों के मुंह पर जड़ा तमाचा



एजेंसी ▶▶| पर्थ

पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में डेविड वॉर्नर ने गुरुवार को शानदार शतक जमा दिया है। वॉर्नर का टेस्ट में यह 26वां शतक है। वॉर्नर का पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में यह छठा शतक है। ऐसा कर वॉर्नर ने ऑस्ट्रेलिया-पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में जावेद मियांदाद, एलन बॉर्डर, ग्रेग चैपल की बराबरी कर ली है। वहीं, रिकी पोंटिंग ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में 5 शतक लगाए थे। यानी वॉर्नर ने 6 शतक लगाकर पोंटिंग के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

### 49वीं इंटरनेशनल सेंचुरी

इंटरनेशनल क्रिकेट में वॉर्नर का यह 49वां शतक है। वॉर्नर ने अबतक पाकिस्तान के खिलाफ 11 टेस्ट मैच ही खेले हैं और 6 शतक लगाकर धमाका कर दिया है। वॉर्नर टेस्ट क्रिकेट में बतौर ओपनर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज हैं। उनसे आगे इस मामले में सुनील गावस्कर (33), एलिस्टेयर कुक, मैथ्यू हेडन (30), ग्रीम स्मिथ (27) हैं। वॉर्नर ने बतौर ओपनर यह 26वां शतक लगाया है। वहीं, वॉर्नर दुनिया के इकलौते ऐसे ओपनर बल्लेबाज हैं जिनके नाम टेस्ट और वनडे में 20 से ज्यादा शतक दर्ज है।

### चयन पर हुआ था हंगामा

बता दें कि वॉर्नर के टेस्ट कॅरियर का यह आखिरी सीरीज है। टेस्ट सीरीज से पहले उनके चयन को लेकर काफी हंगामा पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों ने बरपाया था लेकिन डेविड वॉर्नर ने शतकीय पारी खेलकर आलचना करने वाले सभी लोगों के मुंह में ताला लगा दिया है।

### ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर बनाए 346 रन

*सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने अपनी विदाई टेस्ट श्रृखंला में शानदार शतक जड़ा जिससे आस्ट्रेलिया ने गुरुवार का यहां तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले के शुरुआती दिन पाकिस्तान के कम अनुभवी गेंदबाजों के खिलाफ स्टंप तक पांच विकेट पर 346 रन बना लिए। वॉर्नर ने 211 गेंद में 164 रन की शतकीय पारी खेली और यह उनका साल का पहला टेस्ट शतक था जिससे उन्होंने कप्तान पैट कमिंस के उछाल भरी पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के फैसले को सही साबित किया। सैंतीस साल के वॉर्नर अपने गृहनगर सिडनी में अंतिम टेस्ट के बाद संन्यास ले लेंगे।*

## केकेआर की कप्तानी के लिए अय्यर की वापसी, राणा होंगे उप कप्तान

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



कोलकाता नाइटराइडर्स के टीम प्रबंधन ने गुरुवार को घोषणा की कि भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में टीम की अगुवाई करेंगे। अय्यर पीठ की चोट के कारण आईपीएल के पूरे 2023 चरण में नहीं खेल पाए थे जिससे कोलकाता नाइटराइडर्स को कप्तानी की जिम्मेदारी नीतिश राणा को सौंपनी पड़ी थी। अय्यर ने फिर अप्रैल में लंदन में सर्जरी कराई थी।

केकेआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर ने यह घोषणा करते हुए कहा, 'हमें खुशी है कि वह वापस आ गए हैं और कप्तानी की जिम्मेदारी उठाएगे।' श्रेयस ने सितंबर में एशिया कप में वापसी की थी और आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में मोहाली में 86 गेंद में शतक जड़कर फॉर्म में वापसी की थी। हाल में समाप्त हुए विश्व कप में वह महत्वपूर्ण चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे थे और उन्होंने 11 पारियों में दो शतक और तीन अर्धशतकों से 66.25 के औसत से 530 रन बनाए थे।

## सेमीफाइनल में जर्मनी से हारा भारत, अब कांस्य की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर



पिछले मैच में नीदरलैंड पर शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम उस लय को सेमीफाइनल में कायम नहीं रख सकी और जर्मनी ने कमोबेश एकतरफा मुकाबले में उसे 4-1 से हराकर तीसरी बार जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप जीतने का सपना तोड़ दिया। क्वार्टर फाइनल में दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करने वाली भारतीय टीम के पास जर्मनी के मजबूत डिफेंस और चुस्त आक्रमण का जवाब नहीं था।

जर्मनी ने चारों क्वार्टर में एक एक गोल किया जबकि भारत के लिए एकमात्र गोल चिरमाको सुदीप ने 11वें मिनट में दागा। जर्मनी के लिए हेसबाक बेन ने आठवें मिनट में मैदानी गोल और 30वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया जबकि ग्लेंडर पॉल ने 41वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। स्पर्लिंग फ्लोरियन ने आखिरी सीटी बजने से दो मिनट पहले मैदानी गोल करके 4-1 से जीत पर मुहर लगाई। अब भारत को कांस्य पदक के लिए फ्रांस या स्पेन से खेलना होगा।

### 25 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ कर सकते हैं वापसी

# शमी का अफ्रीकी दौरे तक फिट होना मुश्किल

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

टखने की चोट से उबर रहे भारत के सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से सेंचुरियन में शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला के लिए समय पर फिट होने की राह आसान नहीं होगी।

शमी को 30 नवंबर को घोषित भारत की टेस्ट टीम में शामिल किया गया था लेकिन इस 33 वर्षीय तेज गेंदबाज की उपलब्धता चोट से उनके उबरने पर निर्भर करेगी। इस संदर्भ में एजेंसी का अनुमान है कि शमी कप्तान रोहित शर्मा, सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली, साथी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टेस्ट टीम के अन्य सदस्यों के साथ शायद दक्षिण अफ्रीका रवाना नहीं हो पाएंगे। इन सभी को शुक्रवार को जोहानिसबर्ग के लिए रवाना होना है।



### शमी के लिए खुशखबरी

*इस बीच शमी के लिए खुशखबरी है क्योंकि बुधवार को उन्हें प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित किया गया। खेल मंत्रालय से मिली सूचना के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने मंत्रालय से शमी के नाम को शामिल करने का विशेष आग्रह किया क्योंकि शुरुआती सूची में उनका नाम नहीं था।*

### भारत 'ए' टीम से विकल्प का चुनाव

*शमी के उबरने की प्रक्रिया को अपने घर में जारी रखने की उम्मीद है और यह तेज गेंदबाज इंग्लैंड के खिलाफ 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू हो रही घरेलू टेस्ट श्रृंखला के साथ वापसी कर सकता है। अगर शमी के विकल्प की जरूरत पड़ी है तो अजित अगरकर के नेतृत्व वाली चयन समिति के पास भारत 'ए' टीम से गेंदबाज को सीनियर टीम में शामिल करने का विकल्प होगा। भारत ए टीम भी दक्षिण अफ्रीका दौरे पर है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच से पूर्व टेस्ट टीम के सदस्य 20 दिसंबर से आपस में टीम बनाकर तीन दिवसीय मैच खेलेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा टेस्ट तीन जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा।*

## चिंतन

# जी-20 में भारत की पहल से सीखे यूएन

वर्तमान वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए भारत ने संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में सुधार की फिर से वकालत की है। भारत ने कहा है कि जिस तरह भारत की अध्यक्षता में जी-20 में 51 देशों के अफ्रीकी संघ को शामिल किया गया है, उससे संयुक्त राष्ट्र को भी प्रेरणा लेनी चाहिए और सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार करना चाहिए। भारत स्थाई सदस्यता का प्रबल दावेदार है। यूएन सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता की मांग करने वाले समूह ग्रुप-4 में भी जापान, जर्मनी व ब्राजील के साथ भारत शामिल है। 21 वीं सदी के हिसाब से व्यापक प्रतिनिधित्व आखिरकार, प्रभावशीलता और विश्वसनीयता दोनों के लिए एक शर्त है। संयुक्त राष्ट्र को सुरक्षा परिषद को भी समकालीन बनाना चाहिए। सितंबर 2024 में होने वाला 'समिट ऑफ द फ्यूचर' संयुक्त राष्ट्र चार्टर व सुरक्षा परिषद समेत महासभा में सुधार का एक ''स्वर्णिम अवसर'' उपलब्ध कराता है। इस साल सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक उच्च स्तरीय सत्र के दौरान 85 से अधिक वैश्विक नेताओं ने महासभा से व्यापक और सार्थक सुधारों की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र को इस बिंदु पर गंभीरता से पहल करनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में सुधार से इस वैश्विक संगठन की वैश्विक चुनौतियों से निपटने में प्रभावशीलता बढ़ेगी, उसकी अक्षमताओं में कमी आएगी, उसमें अधिक न्यायसंगत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा व यूएन की निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सुधार होगा। अभी विश्व में रूस व यूक्रेन युद्ध व इजराइल व हमास जंग जारी है, अनेक क्षेत्रीय हिंसक संघर्ष चल रहे हैं, दुनिया अनेक संकटों का सामना कर रही है, ऐसे संयुक्त की भूमिका बढ़ जाती है, पर इसके लिए विस्तारित यूएन सुरक्षा परिषद चाहिए। इसलिए स्थायी और गैर-स्थायी सीटों का विस्तार किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 78 वर्ष पहले वर्ष 1945 की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य विश्व शांति और सुरक्षा को बनाए रखना है। यह देशों की विघटन प्रक्रिया तथा एक और विश्व युद्ध को रोकने में सफल रहा है। लेकिन 21वीं सदी का विश्व 20वीं सदी से बहुत अलग है और कई नई समस्याओं और वास्तविकताओं का सामना कर रहा है। आतंकवाद, सामूहिक विनाश, युद्ध, जलवायु संकट, साइबर सुरक्षा, ऊर्जा संकट, खाद्यान्न आपूर्ति, स्वास्थ्य चुनौतियां और गरीबी उन्मूलन जैसे ट्रांस-नेशनल मुद्दों के समीचीन समाधान के लिए विस्तारित यूएन की जरूरत है। विश्व में अमेरिका व चीन के बीच ट्रेड वार के बहाने नए शीत युद्ध का उदय हो गया है। अमेरिका बनाम चीन-रूस तनाव एक नई वास्तविकता बन रही है। कई वैश्विक मुद्दों पर अमेरिका और उसके यूरोपीय भागीदारों के बीच मतभेद बढ़ रहे हैं। बहुपक्षवाद पर संकट गहरा रहा है। कोविड महामारी समेत अनेक वैश्विक मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र प्रभावी प्रतिक्रिया देने में असमर्थ रहा है। अमेरिका व चीन ने अपने हितों व आपसी टकराव के चलते यूएन में व्यापक सुधार के एजेंडे को हमेशा डिरेल किया है। संयुक्त राष्ट्र न ही आज की सैन्य और आर्थिक शक्ति के वितरण को प्रतिबिंबित करता है और न ही एक भौगोलिक संतुलन को। सुरक्षा परिषद की संरचना अधिक लोकतांत्रिक होनी चाहिए। यूएन महासभा व प्रमुख निकायों में भी आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। सुरक्षा परिषद में सुधार के बिना संयुक्त राष्ट्र का कोई भी सुधार पूरा नहीं होगा। संकीर्ण स्वार्थ से ऊपर उठकर अमेरिका, चीन, रूस आदि स्थाई सदस्य देशों को यूएन में सुधार का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।

# प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व चौधरी मित्रसेन आर्य




स्मृति
सत्यवान आर्य

चौधरी मित्रसेन आर्य ने ऐसे कार्य किए जो हमेशा मिसाल बने रहेंगे। गृहस्थ और व्यवसायी होते हुए भी उन्होंने अपने जीवन में ऐसे आदर्श स्थापित किए जिन्हें यदि हम अपना लें तो रामराज्य की कल्पना साकार की जा सकती है। उन्होंने कहा था-हमें हर कार्य से पहले यह जांच लेना चाहिए कि इसके करने से सबका हित होगा या नहीं। यदि व्यक्तिगत रूप से लाभ लेने वाला कोई कार्य समाज के लिए अहितकर है तो उसे नहीं करना चाहिए। चौ. मित्रसेन के आदर्श जीवन का आधार उनके पूर्वजों के संस्कार थे।

इस परिवर्तनशील संसार में जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु निश्चित है, लेकिन जन्म लेना उसी का सार्थक है, जो अपने कार्यों से कुल, समाज और राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करता है। चौधरी मित्रसेन आर्य ने इस उक्ति को अक्षरशः चरितार्थ किया है। दुनिया में कुछ ही विरले लोग ऐसे होते हैं, जो अपने सत्कर्मों के पदचिह्न छोड़ जाते हैं, जो दूसरों के लिए हमेशा अनुकरणीय होते हैं। चौधरी मित्रसेन आर्य ऐसे ही व्यक्तित्व थे, जिन्होंने ऐसे कार्य किए जो मिसाल बने रहेंगे। गृहस्थ और व्यवसायी होते हुए भी उन्होंने अपने जीवन में ऐसे आदर्श स्थापित किए जिन्हें यदि हम अपना लें तो रामराज्य की कल्पना साकार की जा सकती है। उन्होंने कहा था-हमें हर कार्य को करने से पहले यह जांच लेना चाहिए कि इसके करने से सबका हित होगा या नहीं। यदि व्यक्तिगत रूप से लाभ लेने वाला कोई कार्य समाज के लिए अहितकर है तो उसे नहीं करना चाहिए। चौ. मित्रसेन के आदर्श जीवन का आधार उनके पूर्वजों के संस्कार थे। वे हंसते-हंसते पुरुषार्थ करने में विश्वास रखते थे।

15 दिसंबर 1931 को उनका जन्म हिसार जिले के खांडा खेड़ी गांव में चौधरी शीशराम आर्य के घर में माता जीयो देवी की कोख से हुआ। आपके परदादा चौ. शादीराम के भाई चौ. राजमल जैलदार स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के सहयोगी थे। शहीदे आजम भगतसिंह उनके यहां आया करते थे। चौ. मित्रसेन आर्य के पिता चौ. शीशराम आर्य ने भी आर्यसमाज को पोषित किया। कर्म में उनका गहरा विश्वास था। उन्होंने यही संस्कार चौ. मित्रसेन आर्य को भी दिए। इनका असर जीवनभर उनके ऊपर रहा। जब चौ. मित्रसेन आर्य केवल 8-9 वर्ष के थे तभी परिवार विपत्तियों से घिर गया। उनके पिता की काला मोतिया के कारण आंखों की रोशनी चली गई। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई। नतीजतन चौ. मित्रसेन को तीसरी कक्षा में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ी। चौ. मित्रसेन आर्य को गोमाता से विशेष लगाव था। उनका कहना था कि स्वस्थ समाज की रचना गोमाता के द्वारा ही संभव है। युवावस्था में पहुंचते-पहुंचते उन्होंने वेदों, शास्त्रों, आर्ष साहित्य, सत्यार्थ प्रकाश और रामायण का अध्ययन कर लिया था। वैदिक संस्कृति, महर्षि दयानंद और सत्यार्थ प्रकाश का उन पर विशेष प्रभाव रहा। 1948 में आर्य जी का विवाह जींद जिले में स्थित गांव जुलानी के चौ. अमृत सिंह सहारण की बेटी परमेश्वरी देवी के साथ हुआ। कहते हैं हर सफल व्यक्ति के पीछे स्त्री का हाथ होता है। श्रीमती परमेश्वरी देवी ने हर कदम पर चौ, मित्रसेन आर्य का साथ दिया। जिस कारण सफलता की राह उनके लिए आसान होती चली गई। चौ. मित्रसेन आर्य खुशी-खुशी पुरुषार्थ में विश्वास रखते थे। शुरू से ही वे अपना स्वयं का व्यवसाय करना चाहते थे, लेकिन इसके लिए अनुभव जरूरी था। इसलिए उन्होंने करीब नौ साल तक रोहतक, उदयपुर, हिसार, सोनीपत आदि में नौकरी को और तकनीकी ज्ञान हासिल किया। शुरू में साझे में और फिर 1957 में उन्होंने रोहतक में अपना व्यवसाय शुरू किया। 1957 में हिन्दी आंदोलन शुरू हो गया। इस आंदोलन में चौ. मित्रसेन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा




लिया। इसी कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा। जेल जाने के कारण काम बिखर गया, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार आगे बढ़ते रहे। इस आन्दोलन के क्रान्तिकारी बनकर साढ़े चार महीने कारावास में बिताए। आर्यसमाज के आन्दोलन के कारण पंजाब सरकार के मंसूबे निष्फल हो गये तथा हरियाणा में हिन्दी भाषा राजकीय भाषा बन गई। सातवें दशक के शुरू में उन्होंने व्यवसाय बढ़ाने के लिए हरियाणा से बाहर का रुख किया। 1961 में उड़ीसा के एक व्यवसायी के साथ उन्होंने वर्कशाप लगाई। इसके बाद 1964 को बड़बिल में वर्कशाप शुरू की। यह उनकी लग्न और अथक परिश्रम का नतीजा था कि 1967 आते-आते चौ. मित्रसेन देश के बड़े कारोबारियों में शुमार हो गए। आधुनिक खेती में योगदान के कारण भारत सरकार उन्हें दिसंबर 2003 में कृषि विशारद की उपाधि से सम्मानित किया। हरियाणा सरकार ने ही उन्हें 2002-03 में चौधरी देवीलाल किसान पुरस्कार से सम्मानित किया।

वेद के आदर्शों को अपनाने वाले चौधरी मित्रसेन ने इस सूत्र को चरितार्थ किया-मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे। उनका व्यवहार सबके लिए मित्र के समान ही था। वे कहते थे कि मनुष्य के पांच शत्रु हैं- काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार। वे अज्ञानता, आलस्य, अन्याय और अभाव को बाह्य शत्रु मानते थे। 1962 में स्वामी धर्मानन्द के सम्पर्क में आने के बाद चौ. मित्रसेन आर्य ने गुरुकुल शिक्षा पद्धति की परम्परा को मूर्तरूप प्रदान किया। इनमें मुख्य है गुरुकुल वेदव्यास राउकूल, गुरुकुल शान्ति आश्रम लोहरदगा झारखंड, श्री जगन्नाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमउधारा छत्तीसगढ़। इस तरह करीब 30 से ज्यादा गुरुकुल और स्कूलों को चौ. मित्रसेन आर्य द्वारा सहायता निरन्तर जारी है।

चौधरी साहब वेद और महर्षि दयानन्द सरस्वती के सिद्धान्तों पर अटल विश्वास रखते थे। जीवनपर्यन्त उनका दृढ़ विश्वास रहा कि कर्मयोग के द्वारा शान्तिदायक, सुखद, समृद्धि सम्भव है। इसी का परिणाम था कि चौधरी साहब ने शून्य से यात्रा शुरू करके शिखर तक पहुंचाया। परोपकार उनके जीवन का अभिन्न अंग था। जब गुजरात में भूकंप आया और कई गांव तहस नहस हो गए तो उन्होंने श्री साहिब सिंह वर्मा के साथ राष्ट्र स्वाभिमान और ग्रामीण स्वाभिमान के आह्वान पर रिकार्ड 100 दिनों में इन्द्रप्रस्थ नामक नया नगर बसाया इसमें 800 परिवारों को बसाया गया। इस नगर का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के प्रति चौ. मित्रसेन के मन में अगाध श्रद्धा थी। वे शहीद स्थलों को तीर्थ स्थलों के समान मानते थे। उन्होंने देश के रक्षा कोष में भी बहुत बड़ी धनराशि दी। राजनीति में चौधरी मित्रसेन आर्य की रुचि नहीं थी, लेकिन उनका मानना था कि राजा को सर्वहितकारी होना चाहिए। उनका कहना था कि जाति का निर्धारण जन्म से नहीं, कर्म से होता है।

वह एक ऐसे मनस्वी थे जिन्होंने अपने कर्मबल से अपने निवास को किसी भी देवालय जितना पूज्य और पवित्र बना लिया था। जिस किसी ने भी उनके रोहतक स्थित आवास का भ्रमण किया है वह कथ्य से किंचित मात्र भी असहमत नहीं हो सकता। चौ. मित्रसेन की सरल, साफ-सुथरी तथा संघर्ष भरा जीवन किसी के लिए भी पथ-प्रदर्शक हो सकती है। उनका व्यक्तित्व आने वाले पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

## सुरक्षा चूक
अवधेश कुमार




# संसद धुआं कांड बेहद गंभीर

संसद के अंदर और बाहर की घटना ने पूरे देश को विस्मित किया है। लोकसभा के अंदर दो व्यक्तियों का कूदना, परिसर के बाहर नारे लगाना, धुआं छोड़ना निश्चित रूप से संपूर्ण देश के लिए चिंता का विषय है। लोकसभा में दर्शक दीर्घा से कूदने वाले सागर और मनोरंजन डी तथा बाहर परिवहन भवन के सामने नारा लगाने वाले अमोल शिंदे और नीलम सबके पास एक ही प्रकार का रंगीन स्प्रे था। हालांकि इन सबके बीच संबंध था और इस कारण तारतम्यता भी, लेकिन बाहर सड़क पर परिवहन भवन के सामने कोई भी खड़ा होगा, नारा लगाएगा या धुआं छोड़ सकता है। उसे सुरक्षा चूक नहीं कहा जा सकता क्योंकि वह खुली जगह है। अंदर की घटना को सुरक्षा चूक कहने में इसलिए हर्ज नहीं है, क्योंकि सागर और मनोरंजन जूते में छुपा कर कलर स्मोक क्रैकर लेकर चले गए और गैस छोड़ कर डर पैदा कर दिया। छह आरोपी बनाए गए हैं जिनमें से पांच पकड़े जा चुके हैं। केंद्रीय लोकसभा सचिवालय के अनुरोध पर गृह मंत्रालय ने घटना की जांच का आदेश दे दिया है। सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह की अध्यक्षता वाली जांच समिति में सुरक्षा एजेंसियों के सदस्य और विशेषज्ञ शामिल होंगे। अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले जांच रिपोर्ट की प्रतीक्षा करनी चाहिए। किंतु यह ऐसी घटना नहीं है जिसकी अनदेखी की जाए। वास्तव में इसके कई पहलू है जिसकी गंभीरता से विवेचना होनी चाहिए। संसद में आने जाने वाले जानते हैं कि वहां किस तरह की तीन स्तरीय और बाहर को मिला दें तो चार स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है। इन पर चर्चा आगे करेंगे, पहले घटना से जुड़े मुख्य पहलुओं को देखें। अमोल महाराष्ट्र के लातूर का और नीलम हरियाणा के जींद की रहने वाली है, जबकि सागर उन्नाव का और मनोरंजन मैसूर का रहने वाला है। इन चारों में इतने संबंध कैसे हुए कि उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से समन्वित और सावधानीपूर्वक अपने कारनामों को अंजाम दिया। अभी तक की जानकारी के अनुसार संसद आने से पहले यह सब गुरुग्राम में विक्रम के घर पर रुके थे। आजकल इंटरनेट और सोशल मीडिया के जमाने में एक दूसरे से संपर्क होना कठिन नहीं है। लेकिन यह सब एक दूसरे से इतने जुड़ गए और इन्होंने इस तरह की योजना बना ली और पूरा किया तो इसकी गहराई से जांच करनी होगी कि क्या सब कुछ इन्होंने ही किया या उनके पीछे और भी हैं, जिन्होंने भी किया उनका उद्देश्य क्या था? बेरोजगारी या तानाशाही आदि का नारे लगाने के लिए संसद से कूद कर भय पैदा करने की आवश्यकता नहीं थी। वैसे भी संसद हमले की वार्षिकी पर ऐसा करने वाला कोई सकारात्मक सोच का आंदोलनकारी नहीं हो सकता। यह देखना होगा कि उनके मस्तिष्क में ऐसी बात आई क्यों? जय भीम जय भारत के नारे का यहां अर्थ क्या है? जैसा हम जानते हैं सदन के भीतर कोई दर्शक तभी जा सकता है जब किसी सांसद की सिफारिश हो। इसके लिए विजिटर फार्म होता है जिसमें पूरी जानकारी भरनी होती है और उसमें संसद को हस्ताक्षर करना होता है। संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही मजबूत है। मुख्य भवन की सुरक्षा पार्लियामेंट्री सिक्योरिटी सर्विस के पास होती है। यह पूरे परिसर पर दृष्टि रखती है। संसद के दोनों सदनों में दर्शकों के लिए दीर्घा है। कोई भी आम व्यक्ति सदन की कार्यवाही देख सकता है। पास बनाने के लिए संबंधित व्यक्ति को सांसद का सिफारिशी पत्र और आधार कार्ड या फिर कोई दूसरा पहचान पत्र देना होता है। रिसेप्शन पर विजिटर की जांच की जाती है। सही पाए जाने पर फोटो पहचान पत्र बनता है। इन्होंने पहली पंक्ति में ही अपने लिए बैठने की व्यवस्था की। जब पीछे के दर्शकों का समय पूरा हुआ, वो जाने लगे तब इनमें से एक अंदर कूदा, दूसरा लटका और फिर जो कुछ हुआ वह सब हमारे सामने आ चुका है। आखिर यह सोचने की बात है कि कई महीनो से मनोरंजन भाजपा के सांसद प्रताप सिन्हा के यहां ही पास के लिए क्यों दौड़ लगा रहा था? क्या यह साबित करना था कि भाजपा के संसद के पास से ही संसद के अंदर ऐसी घटना हुई? मनोरंजन के पिता दक्षिण मैसूर के सांसद प्रताप सिंह के परिचित हैं। पूरे घटनाक्रम को देखने के बाद निस्संदेह आने वाले समय में इसके पीछे का षड्यंत्र सामने आएगा। ऐसा माहौल न बना दिया जाए कि आम लोगों को दर्शक के रूप में भी संसद भवन को देखने के रास्ते बंद हो जाए। किसी एक घटना का तात्पर्य नहीं कि सारे दर्शक संदिग्ध ही होंगे। सुरक्षा मजबूत करिए और उसके साथ-साथ देश का वातावरण ऐसा बनाइए कि पक्ष और विपक्ष की लड़ाई लोकतांत्रिक सहमति और असहमति की हो नफरत और दुश्मनी की नहीं। नफरत और दुश्मनी की राजनीति से ही इस तरह की भयानक घटनाओं की पुनरावृति होती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

## चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित
**दर्शन**

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं, परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए, क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। *- स्वामी विवेकानंद*

## समस्याएं तो आती रहेंगी, हमें रुकना नहीं चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए। संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### फर्जीवाड़े से आर्थिक बोझ बढ़ेगा

केंद्र सरकार ने एक बार फिर देश के गरीबों को राहत देते हुए, उनके लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त का राशन देने की अवधि को लगभग पांच वर्ष तक बढ़ाकर अच्छा प्रयास किया है। लेकिन अगर इसकी निष्पक्ष और उचित जांच की जाए तो यह तय है कि इस पर भी समृद्ध लोग कुंडली मारे बैठे होंगे। मीडिया में ऐसे फर्जीवाड़ों की खबरें अक्सर सुर्खियां बनती हैं। इसमें कुछ भी गलत नहीं है कि सरकारी खजाने में विभिन्न रूपों में जो कर जमा होता है या किया जाता है, उसे देश के गरीबों की भलाई के लिए लगाया जाए, लेकिन हमारे देश में गरीबों को सरकार की तरफ से दी जाने वाली मुफ्त की सेवाओं में पारदर्शिता न होने के कारण इसमें भी भ्रष्टाचार होता है, फर्जीवाड़े होते हैं जिससे देश पर आर्थिक बोझ बढ़ता है।

*-सूरज वर्मा, दंतेवाड़ा*

## ट्रेंड

### मिलकर काम करने को उत्सुक



पोलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में आपकी नियुक्ति पर महामहिम डोनाल्ड टस्क को बधाई हो। मैं भारत और पोलैंड के बीच दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और गहरा करने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बिल्कुल अपमानजनक



किसी भी महिला को स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने के लिए अदालत जाने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन रिपब्लिकन निर्वाचित अधिकारियों की बदौलत टेक्सास में ठीक वैसा ही हुआ, और यह बिल्कुल अपमानजनक है।

**-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति**

### आर-पार देखने में सक्षम हो



जब हार्मोन सक्रिय होते हैं, तो वे आपकी पूरी दृष्टि को विकृत कर देते हैं। आपको किसी गुफा की ओर जाने की ज़रूरत नहीं है, लेकिन आपको इसके आर-पार देखने में सक्षम होना चाहिए।

**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### एक साझा विरासत




इतिहास व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के लिए नहीं है- यह एक सबक है। यदि यह आपको चुनौती देता है, तो यह अच्छा है, क्योंकि इससे पुनरावृत्ति की संभावना कम हो जाती है। इसे मिटाना नहीं है. यह हम सभी के लिए एक साझा विरासत है।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# लक्ष्य हासिल होने तक शांति कायम नहीं होगी



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा कि यूक्रेन को लेकर उनके देश के लक्ष्यों में कोई बदलाव नहीं आया है और इनके हासिल होने तक शांति कायम नहीं होगी। उन्होंने वर्ष के अंत में होने वाले सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को लेकर रूस के लक्ष्यों में 'नाजीवाद का खात्मा', 'असैन्यकरण' और देश की तटस्थ स्थिति स्थापित करना शामिल है और इनमें कोई बदलाव नहीं आया है। पुतिन ने फरवरी 2022 में जब सैनिकों को यूक्रेन भेजा था तब भी उन्होंने इन लक्ष्यों को रेखांकित किया था। रूस का आरोप है कि यूक्रेन सरकार पर कट्टर राष्ट्रवादी और नव-नाजीवादी समूहों का प्रभाव है, जिसे खत्म करने को वह 'नाजीवाद का खात्मा' बताता है। हालांकि, यूक्रेन और पश्चिमी देश रूस के इस दावे को खारिज करते रहे हैं। पुतिन का कहना है कि यूक्रेन को तटस्थ रहना चाहिए और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल नहीं होना चाहिए। पुतिन ने कहा, 'जब हम ये लक्ष्य हासिल कर लेंगे तब शांति कायम हो जाएगी।' उन्होंने बताया कि फिलहाल लगभग 2,44,000 रूसी सैनिक यूक्रेन में युद्ध लड़ रहे हैं।

## ऑफ बीट

# कोशिकाओं में छिपे कोरोना वायरस का लगाया पता




अनुसंधानकर्ताओं ने शरीर की कोशिकाओं के अंदर कोरोना वायरस (सार्स कोव-2 वायरस) के छिपे संभावित भंडार की पहचान की है जो कोविड-19 की निरंतरता और इससे फिर से संक्रमित होने पर प्रकाश डाल सकता है। नयी दिल्ली के यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान के अनुसंधानकर्ताओं ने बाह्यकोशिकीय पुटिकाओं (ईवी) यानी कोशिकाओं से निकले सूक्ष्मकणों का अध्ययन किया और महत्वपूर्ण जानकारी सामने लायी। उन्होंने कहा कि मानक आरटी-पीसीआर प्रक्रिया में जो व्यक्ति 'निगेटिव'' पाये गये उनके ईवी में सार्स कोव-2 के आरएनए या आनुवांशकीय सामग्री पायी गयी। इस अध्ययन की मुख्य लेखिका सुकृति बावेजा ने कहा, 'ईवी में सार्स -कोव-2 आरएनए की पहचान एक ऐसी वैकल्पिक नैदानिक प्रविधि ढूंढ़ने की जरूरत पर बल देती है जो इस खोज का फायदा उठाये तथा कोविड-19 संक्रमण का और प्रभावी तरीके से पता लगाने एवं कोविड-19 से संक्रमण का प्रबंधन करने की हमारी क्षमता में संभावित क्रांति लाए।' अनुसंधानकर्ताओं का कहना है कि पारंपरिक जांच में जो लोग इस वायरस (विषाणु) से मुक्त समझे जाते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# लोकसभा में सुरक्षा चूक : विपक्ष ने दोनों सदनों में किया हंगामा

# सरकार ने कहा कि उच्च-स्तरीय जांच शुरू इसे राजनीतिक रंग देने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली (भाषा)। सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोकसभा में बुधवार को सुरक्षा चूक की घटना के मामले में उच्च-स्तरीय जांच शुरू कर दी गई है और विपक्ष को इस मुद्दे पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जब शुरू हुई तो विपक्षी सदस्यों ने बुधवार को सदन में सुरक्षा की चूक संबंधी घटना को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। इसी बीच संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, ''हम सब सहमत हैं कि कल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना सदस्यों की सुरक्षा के लिहाज से गंभीर थी।'' उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घटना के तत्काल बाद सभी दलों के सदन के नेताओं की बैठक बुलाई और संसद की सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए सबके सुझाव सुने। जोशी ने कहा कि सांसदों के कुछ सुझावों को लागू किया जा चुका है तथा लोकसभा अध्यक्ष ने आज स्वयं कहा है कि सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए भविष्य में और भी कदम उठाए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''मेरे विचार से यह मुद्दा हम सभी से जुड़ा है और हमें एक स्वर में बोलना होगा।'' उन्होंने कहा कि इस तरह के राष्ट्रीय मुद्दे पर किसी भी सदस्य से राजनीति की अपेक्षा नहीं की जाती।



## विपक्ष को घेरा : पहले भी दर्शक दीर्घाओं से नारेबाजी, कागज फेंकने, सदन में कूदने की घटनाएं होती रही है

जोशी ने 1974 से लेकर 1999 तक सदन में सुरक्षा चूक की कुछ घटनाओं का विवरण देते हुए कहा कि पहले भी दर्शक दीर्घाओं से नारेबाजी, कागज फेंकने और यहां तक कि सदन में कूदने की घटनाएं होती रही हैं। उन्होंने कहा, ''मैं इन घटनाओं की तुलना कल की घटना से नहीं कर रहा। लेकिन हमें अपने अतीत से सबक सीखना होता है, ताकि भविष्य उज्ज्वल हो।'' जोशी ने कहा कि पहले भी इस तरह के मामलों में तत्कालीन लोकसभा अध्यक्षों के निर्देश के अनुसार कार्रवाई की जाती रही हैं। उन्होंने कहा कि बुधवार की घटना के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने गृह सचिव को पत्र लिखकर उच्च-स्तरीय जांच के लिए कहा है और जांच शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार भी इस मुद्दे पर बहुत ही संवेदनशील है। जोशी ने कहा कि सभी मुद्दों को राजनीतिक रंग देने की कुछ सदस्यों की आदत बन गई है। उन्होंने कहा, ''मैं उनसे निवेदन करता हूं कि इस मुद्दे का राजनीतिकरण न करें और सदन की कार्यवाही आगे बढ़ाएं।'' संसद पर 2001 में हुए आतंकवादी हमले की बरसी पर बुधवार को एक बड़ी सुरक्षा चूक की घटना में दो व्यक्ति- सागर शर्मा और मनोरंजन डी. शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूद गए।

## चर्चा की मांग करने वाले विपक्षी सांसदों का निलंबन लोकतंत्र का निलंबन : खड़गे



- क्या गृह मंत्री अमित शाह से बयान की मांग करना अपराध है
- राष्ट्रीय सुरक्षा और हमारे लोकतंत्र के मंदिर संसद की सुरक्षा को खतरे में डाला गया

नई दिल्ली (भाषा)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि संसद की सुरक्षा में चूक विषय पर दोनों सदनों में चर्चा की मांग करने वाले 15 विपक्षी सांसदों का निलंबन ''लोकतंत्र का निलंबन'' है। उन्होंने सवाल किया कि क्या संसद की सुरक्षा में चूक पर गृह मंत्री अमित शाह से बयान की मांग करना अपराध है? लोकसभा में कुल 14 सदस्यों और राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन को शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया है। लोकसभा में कांग्रेस के वीके श्रीकंदन, बेनी बेहनन, मोहम्मद जावेद, मणिकम टैगोर, टी एन प्रतापन, हिबी इडेन, जोतिमणि, रम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस, द्रमुक की कनिमोई और एस आर प्रतिबन, माकपा के एस वेंकटेशन और पी आर नटराजन तथा भाकपा के के. सुब्बारायन का निलंबन हुआ है। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''राष्ट्रीय सुरक्षा और हमारे लोकतंत्र के मंदिर संसद की सुरक्षा को खतरे में डालने के बाद भाजपा अब आवाज उठाने वाले पर ही वार कर रही है। 15 विपक्षी सांसदों को संसद से निलंबित करना लोकतंत्र का निलंबन है।'' उन्होंने कहा, ''उनका अपराध क्या है? क्या केंद्रीय गृह मंत्री से सदन में बयान देने का आग्रह करना अपराध है? क्या खतरनाक सुरक्षा उल्लंघन पर चर्चा कराना अपराध है? क्या यह तानाशाही के उस पहलू को रेखांकित नहीं करता, जो वर्तमान व्यवस्था की पहचान है।

## ओब्रायन ने संसद परिसर में किया मौन प्रदर्शन

नई दिल्ली (भाषा)। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने उच्च सदन से निलंबित किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को संसद परिसर में मौन विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ओब्रायन अपने गले में एक तख्ती लटकाकर संसद भवन से बाहर निकले। इस तख्ती पर 'साइलेंट प्रोटेस्ट' (मौन प्रदर्शन) लिखा हुआ था। उन्होंने निलंबन के मुद्दे पर बोलने से इनकार कर दिया। सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर चर्चा कराने की विपक्ष की मांग को लेकर हुए हंगामे के दौरान 'अमर्यादित आचरण' करने के लिए ओब्रायन को बृहस्पतिवार को मौजूदा संसद सत्र की शेष अवधि के लिए राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। ओब्रायन के आचरण पर गौर करने के लिए उच्च सदन की विशेषाधिकार समिति को एक प्रस्ताव भेजा गया और उसे तीन महीने के अंदर अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया।



## संसद के भीतर और बाहर सुरक्षा कड़ी की गई

नई दिल्ली (भाषा)। सुरक्षा में चूक एक दिन बाद बृहस्पतिवार को संसद भवन के अंदर और उसके आसपास सुरक्षा के कड़े कदम उठाए गए और पुलिस तथा संसद सुरक्षा कर्मचारियों ने परिसर में प्रवेश करने वालों की गहन जांच की। संसद परिसर से कुछ ही मीटर की दूरी पर परिवहन भवन के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने किसी को भी बैरिकेड से आगे जाने की इजाजत तब तक नहीं दी, जब तक कि उन्होंने उनके पहचान पत्र की जांच नहीं कर ली। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा को 'मकर द्वार' से संसद के नए भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। संगमा अपनी कार से उतरे और इमारत में प्रवेश करने के लिए 'शार्दुल द्वार' की ओर चले गए। संसद सदस्यों के वाहन चालकों को पास के बिना परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। संसद परिसर के प्रवेश द्वार पर मीडिया कर्मियों से उनके परिचय पत्र मांगे गए और उनसे जरूरी सवाल भी किए गए। नए संसद भवन के मकर द्वार को सभी के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है और मीडिया कर्मियों को पुराने संसद भवन के गेट नंबर 12 के पास लॉन में भेज दिया गया।

## युवा कांग्रेस ने भाजपा सांसद व केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन किया



नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता युवा कांग्रेस के कार्यालय के पास राजेंद्र प्रसाद रोड पर इकट्ठा हुए। वे सिम्हा और केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे। सागर शर्मा और मनोरंजन डी बुधवार को शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा में कूद गए और उन्होंने 'केन' से पीली गैस उड़ाते हुए नारेबाजी की। हालांकि, सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया। लगभग उसी समय संसद भवन के बाहर अमोल शिंदे और नीलम ने केन से लाल और पीले रंग का धुआं फैलाते हुए ₹तानाशाही नहीं चलेगी₹ आदि नारे लगाए। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने आरोप लगाया कि यह घटना संसद की सुरक्षा पर ₹सवाल उठाती है।₹ उन्होंने इस मामले पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से बयान की मांग की। श्रीनिवास ने आरोप लगाया, ₹कल संसद में जो हुआ, वह बहुत गंभीर है। हालांकि, ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार इस घटना को लेकर बहुत गंभीर नहीं है। यह मामला संसद की सुरक्षा पर सवाल उठाता है।₹ उन्होंने कहा, ₹हम चाहते हैं कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री इस पर बयान दें और हमें बताएं कि इस चूक पर क्या कदम उठाए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### सीजेआई ने ठुकराई सत्येंद्र की जमानत अर्जी



नई दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश ने दूसरी पीठ के समक्ष सूचीबद्ध आप नेता सत्येंद्र कुमार जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई टालने से इनकार किया। जैन की याचिका दूसरी बेंच के सामने पेंडिंग होने की दलील देकर अपील को खारिज करते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट में सूचीबद्ध किसी केस में जज को निर्देश नहीं देंगे कि उन्हें क्या करना चाहिए।

### अफजाल की लोकसभा सदस्यता होगी बहाल



नई दिल्ली। माफिया मुख्तार अंसार के भाई और लोकसभा सांसद रहे अफजाल अंसरी को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में उन्हें मिली 4 साल की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। गाजीपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने उन्हें दोषी करार दिया था। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने गाजीपुर सीट पर उपचुनाव पर की रोक लगा दी है।

### गद्दाम प्रसाद कुमार चुने गए तेलंगाना के स्पीकर



हैदराबाद। तेलंगाना में सत्ताधारी कांग्रेस के विधायक गद्दाम प्रसाद कुमार तेलंगाना विधानसभा के स्पीकर चुने गए हैं। गद्दाम का चुनाव निर्विरोध हुआ। प्रोटेम स्पीकर अकबरुद्दीन ओवैसी ने गद्दाम के नाम का ऐलान किया। प्रोटेम स्पीकर के एलान के बाद सीएम रेवंत रेड्डी, डिप्टी सीएम भट्टी विक्रमार्का और विधायक केटी रामाराव उन्हें आसन तक ले गए।

### विशाखापत्तनम के इंडस अस्पताल में लगी आग

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम के इंडस अस्पताल के दूसरी मंजिला में आग लग गई। दमकल की गाड़ियां आग बुझाने के लिए घटनास्थल पर पहुंची। सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। पुलिस आयुक्त रवि शंकर अय्यनर ने बताया कि आग दोपहर के 12 बजे लगी। जिस मंजिल में आग लगी, वहां 50 से 70 मरीज थे। सभी को निकाला गया।

## दिल्ली के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने 500 इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाई

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को 500 इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाई, इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में ऐसी बस की संख्या 1,300 हो गयी है। दिल्ली सरकार ने कहा कि राजधानी की सड़कों पर दौड़ने वाली इलेक्ट्रिक बसों की संख्या देश में सबसे अधिक है। उपराज्यपाल सक्सेना ने संवाददाताओं से कहा, ''हमने आज 500 (इलेक्ट्रिक) बस को सड़कों पर उतारा। ये सभी शून्य उत्सर्जन वाली बस हैं। हम दिल्ली को बेहतर बनाने के लिए इसी तरह काम करना जारी रखेंगे।'' मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सक्सेना को धन्यवाद दिया और शहरी परिवहन में सुधार जारी रखने



का वादा किया। केजरीवाल ने संवाददाताओं से कहा, ₹मैं इस अवसर पर दिल्ली के लोगों को बधाई देना चाहता हूं। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उपराज्यपाल को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। अब हमारे पास दिल्ली में 1300 इलेक्ट्रिक बस हैं। हम दिल्ली की परिवहन प्रणाली को मजबूत करना जारी रखेंगे।'' सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, ''बधाई हो दिल्ली! हम आज एक और बड़ी उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल ने 500 नई इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाई। सफलता कभी रातों-रात नहीं मिलती, यह निरंतरता का परिणाम है। हम एक बार फिर रिकॉर्ड 1300 इलेक्ट्रिक बस के साथ आगे बढ़ रहे हैं।₹ बाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रदूषण पर अंकुश लगाने के प्रयासों में इलेक्ट्रिक बस को शामिल करना एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा, ''सर्दियों में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है।

नॉलेज गाइडः श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामला

## ढाई रुपये के स्टांप पेपर पर किया गया था समझौता तत्कालीन डीएम और एसपी ने रखी थी इसकी नींव

*श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी ने 10 बिंदुओं का समझौता किया था*

एजेंसी ▶▶ मथुरा

श्रीकृष्ण जन्मस्थान की जिस ढाई एकड़ जमीन को ईदगाह कमेटी को ढाई रुपये के स्टांप पर समझौते के आधार पर देने का विरोध हो रहा है। उसकी नींव मथुरा में 1968 में तैनात रहे डीएम और एसपी ने रखी थी। उस वक्त शायद उन्होंने सोचा भी न होगा कि जिस समझौते को वह विवाद का निपटारा मान रहे हैं, वह खुद ही भविष्य में विवाद बन जाएगा।



### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष ने बताया

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह बताते हैं कि 15 मार्च 1832 को अताउल्ला खातिब ने कलेक्टर कोर्ट में एक मुकदमा दर्ज कराया था। 1815 में पटनीमल के नाम पर कटरा केशव देव की जमीन की नीलामी की गई थी, उसको रद्द कर मस्जिद की मरम्मत कराने की मांग की गई। 1968 में डीएम आरके गोयल,एसपी गिरीश बिहारी तैनात थे।

### 136 वर्ष पुराने प्रकरण को खत्म करने का रास्ता निकाला

उन्होंने 136 वर्ष पुराने केस को खत्म करने का रास्ता समझौते के तौर पर निकाला। डीएम और एसएसपी की मध्यस्थता पर 10 अगस्त 1968 को श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी ने 10 बिंदुओं का समझौता किया था। सह सचिव देवधर शर्मा और फूलचंद गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। ईदगाह कमेटी की ओर से शहमर मलीह, डॉ. शाहबुद्दीन, आबिदुल्ला खां, मो. आकूल ने हस्ताक्षर किए थे। अधिवक्ता रज्जाक हुसैन थे। मुकदमों को एक किताब में संजोया गया है।

## चार साल में 72% घरों तक पहुंचा पीने का पानी

# 11 करोड़ महिलाओं को पीने का पानी ढोने के अभिशाप से मुक्ति मिली : सरकार

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

- जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में दी जानकारी
- झारखंड सहित कुछ राज्यों में संबंधित योजना में गति लाने की आवश्यकता
- हर घर पानी पहुंचे इसी सकंल्प के साथ सरकार आगे बढ़ रही

सरकार ने बृहस्पतिवार को लोकसभा को सूचित किया कि उसने 72 प्रतिशत घरों में पीने का स्वच्छ पानी पहुंचाने का लक्ष्य हासिल कर लिया है और इस प्रकार अभी तक करीब 11 करोड़ महिलाओं को पीने का पानी ढोने के अभिशाप से मुक्ति मिली है। जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहले केवल 16 प्रतिशत घरों तक ही पीने का पानी पहुंच रहा था, लेकिन पिछले चार साल



में 72 प्रतिशत घरों तक इसे पहुंचाने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप देश में करीब 11 करोड़ महिलाओं को पीने का पानी ढोने के अभिशाप से मुक्ति मिल पाई है। उन्होंने कहा कि झारखंड सहित कुछ राज्य ऐसे हैं जहां संबंधित योजना में गति लाने की आवश्यकता है। झारखंड में नल-जल योजना में घोटाले के भारतीय जनता पार्टी सांसद संजय सेठ के आरोपों पर शेखावत ने कहा कि यदि वह कोई विशेष मामले का जिक्र कर रहे हैं तो सरकार कानून के दायरे में जांच करा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर तक पानी पहुंचे, इस संकल्प के साथ सरकार आगे बढ रही है। उन्होंने कहा कि माताओं-बहनों को पीने का पानी ढोने के अभिशाप से मुक्ति मिले, इस संकल्प के साथ योजना प्रारंभ की गयी थी, उसके व्यापक परिणाम आज दिखाई देने लगे हैं।

## राजस्थान : कांग्रेस ने करणपुर सीट पर रूपिंदर सिंह को उम्मीदवार बनाया

जयपुर (भाषा)। कांग्रेस ने राजस्थान की करणपुर विधानसभा सीट से रूपिंदर सिंह कुन्नर को अपना प्रत्याशी बनाया है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस आशय की सूचना बुधवार को जारी की है। इस सीट पर मतदान पांच जनवरी को होना है। कांग्रेस उम्मीदवार और तत्कालीन विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण करणपुर सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया था। पार्टी ने कुन्नर के बेटे रूपिंदर सिंह को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने रुपिंदर को उम्मीदवार घोषित किए जाने की सूचना सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर साझा करते हुये लिखा, ''कांग्रेस पार्टी ने करणपुर विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए रूपिंदर सिंह कुन्नर को प्रत्याशी के रूप में नामित किया है। पार्टी पूरी तरह तैयार है, आपको जीत की अग्रिम शुभकामनाएं।'' निर्वाचन आयोग के अनुसार, करणपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी के अलावा 11 उम्मीदवार हैं। यहां केवल कांग्रेस प्रत्याशी को नामांकन करना है।

महिलाओं के लिए योजनाओं पर संवाददाता सम्मेलन में बोले डॉ.मांडविया

## देश में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, सुरक्षा और समान अवसर देने में तेजी से हुआ काम

# 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान से 'लिंगानुपात' सुधरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नये भारत का निर्माण हो रहा है। इस नए भारत में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए, उन्हें सुरक्षित और समान अवसर देने की दिशा में तेजी से काम हुआ है। देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पीएम मोदी ने सात विषयों पर विशेष रूप से काम किया है।

पहला उन्हें सुरक्षा दी गई, उन्हें संबल बनाने के साथ उनकी समृद्धि के लिए काम किया, आधी आबादी के अस्तित्व को स्वीकार करके उन्हें सुविधा उपलब्ध करना, महिलाओं की चिंता करने के साथ उन्हें निर्णायक भूमिका में लाने का काम किया गया है।बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के कारण आज लिंगानुपात में सुधार होकर प्रति 1000 पुरुषों के मुकाबले 934 महिला हो गई है।



### महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मिशन

*उन्होंने बताया कि महिला के सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति चलाया गया। नारी अदालत की स्थापना की गई, मातृ वंदना योजना से सेहत पर ध्यान दिया गया। आज महिलाएं दस लाख तक बैंक से ऋण ले पा रही हैं और अपना काम शुरू कर रही हैं। सरकार की इस योजना के लाभार्थियों में 80 प्रतिशत महिलाएं हैं। मुद्रा योजना के लाभार्थियों में भी 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं।*

### 70 प्रतिशत आवास महिलाओं के नाम पर

डॉ. मांडविया ने कहा कि पीएम मोदी के लगभग दस साल के कार्यकाल में लोगों को चार करोड़ आवास दिए गए जिसमें 70 प्रतिशत आवास महिलाओं के नाम पर है।

### दो करोड़ महिलाओं को लखपति बना रहे

सरकार की लखपति दीदी योजना के तहत दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने की तरफ काम तेजी से चल रहा है। आज लोगों के पास बैंक अकाउंट है।

### महिलाओं को नमो ड्रोन दीदी की ट्रेनिंग

भारत सरकार की फर्टिलाइजर कंपनियां नमो ड्रोन दीदी को ट्रेनिंग दे रहे हैं। आने वाले दिनों में 15 हजार महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप अपनी आमदनी बढ़ा पाएंगी।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम

*मांडविया ने कहा यह जरूरी हैं कि महिलाओं को देश के विकास में भागीदार बनाया जाए इसके लिए ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करके महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित किया गया है।*


### महिलाओं को जीवन की जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई

मांडविया ने कहा यह जरुरी हैं कि सरकार ने दस करोड़ से अधिक गैस सिलेंडर महिलाओं को उपलब्ध कराया है। इसके साथ उनके घरों में पानी के नल लगा कर उन्हें सुविधा दी है। 12 करोड़ से अधिक महिलाओं को इज्जत घर उपलब्ध कराया गया है।जन औषधि केंदरो पर एक रुपए में सेनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराया गया है।

रसगुल्ले को गुलाब जामुन ने छोड़ा पीछे!

## लगातार 8वें साल भी बिरयानी स्विगी पर सबसे ज्यादा ऑर्डर

नई दिल्ली। लोगों को यह जानकर हैरानी होगी कि 2023 के पहले दिन एक जनवरी को ऑनलाइन फूड डिलिवरी एप स्विगी पर 4.3 लाख बिरयानी का आर्डर किया गया जबकि 83.5 नूडल्स आर्डर किए गए। 19 नवंबर, 2023 को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए वर्ल्ड फाइनल मैच वाले दिन देश में हर मिनट स्विगी पर 188 पिज्जा का आर्डर किया गया। स्विगी ने 2023 में अपने ऐप पर यूजर्स की ओर से आर्डर किए गए फूड के ट्रेंड को लेकर एक डेटा जारी किया है जिससे ये जानकारी सामने आई है।



### मुंबई के यूजर ने किया 42.3 लाख का फूड ऑर्डर

मुंबई के एक यूजर ने पहली जनवरी से लेकर 23 नवंबर के बीच अब तक 42.3 लाख का फूड आर्डर किया है। सबसे ज्यादा आर्डर चेन्नई, दिल्ली और हैदराबाद के यूजर अकाउंट्स से किया गया। रसगुल्ला से ज्यादा भारतीयों को अब गुलाब जामुन रास आ रहा है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन में बोले प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर

# एआई के भविष्य पर सभी देशों ने मिलाया हाथ, भारत की महत्वपूर्ण भूमिका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की राजधानी नई दिल्ली में 12 दिसंबर से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन 2023 चल रहा है। इस सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सभी जनता को इनवाइट किया था। 14 दिसंबर को सम्मेलन का आखिरी दिन था। सम्मेलन के बाद केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि एआई के लिए भविष्य को निर्धारित करने के लिए सभी देशों ने एक साथ मिलकर काम करने की समहति जताई है।

उन्होंने कहा कि सभी देशों ने निर्णय लिया कि एआई का भविष्य समावेशी होना चाहिए, इसे किसी एक या देश पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। अकेले एक या दो देश मिलकर एआई के भविष्य को आकार नहीं दे सकते। आप एक्सपो में देख सकते हैं भारत से सैकड़ों स्टार्टअप हैं जो पहले से ही दुनिया को यह बता रहा है कि भारतीय एआई कितना परिपक्व है। एआई के भविष्य को एक आकार देने में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

> देश की राजधानी नई दिल्ली में 12 दिसंबर से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन 2023 चल रहा है। इस सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशों को इनवाइट किया था। 14 दिसंबर को सम्मेलन का आखिरी दिन था।

**खास बातें**
- भारत में तेजी से विकसित हो रहा एआई स्टार्टअप
- एआई समिट में 27 देशों ने हिस्सा लिया
- 150 से अधिक स्पीकर्स ने रखे अपने विचार

सभी देशों का निर्णयः एआई का भविष्य समावेशी हो

एक या दो देश एआई के भविष्य को आकार नहीं दे सकते



**पीएम ने दिया था सभी को आमंत्रण**

बता दें कि 8 दिसंबर को ही पीएम मोदी ने इस सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था और लोगों को इनवाइट किया था। इस एआई समिट में दुनिया के करीब 27 देशों ने हिस्सा लिया था। इसके अलावा इसमें 150 से अधिक स्पीकर्स ने अपने विचार साझा किए हैं। इस इवेंट में 150 से अधिक एआई स्टार्टअप भी शामिल हुए हैं और एआई प्रोडक्ट का एक्सपो भी हुआ है।

## एआई की चुनौतियां गंभीर, अंतरराष्ट्रीय संधि जरूरीः पोप

**लंदन।** बदलते दौर के साथ अत्याधुनिक तकनीक अपने साथ कई खतरे लेकर भी आती है। डीपफेक जैसी तकनीक का शिकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसी शख्सियत भी हो चुकी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी मानवता के लिए बड़ा खतरा बनकर उभर रही है। तकनीकी चुनौतियों की गंभीरता को देखते हुए ताजा घटनाक्रम में पोप फ्रांसिस ने विश्व शांति दिवस के लिए अपना वार्षिक संदेश जारी किया है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को विनियमित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय संधि का आह्वान किया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी तकनीक में आए दिन हो रहे बदलाव और विकास के बीच पोप फ्रांसिस ने इस तकनीक के



नैतिक उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा, करुणा, दया, नैतिकता और क्षमा जैसे मानवीय मूल्य कम होते जा रहे हैं। पोप ने एआई के इस्तेमाल के दौरान मौलिक मानवाधिकारों की गारंटी, शांति को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने गलत सूचना फैलाने की साजिश, भेदभाव को बढ़ावा के साथ-साथ सूचना, तस्वीरों को गलत तरीके से पेश करने की प्रवृत्ति को सबसे महत्वपूर्ण चिंता करार दिया।

**अत्याधुनिक सिस्टम का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा**

बता दें कि आईटी वर्ल्ड में ओपनएआई के चैटजीपीटी जैसे अत्याधुनिक सिस्टम का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। पिछले साल से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तरफ भी दुनिया तेजी से खिंची जा रही है। इन तकनीकों का इस्तेमाल करने वाले यूजर्स लोगों की तस्वीरों के अलावा टेक्स्ट और गानों के नए वर्जन से दुनिया को चौंका रहे हैं। हालांकि, ऐसी तकनीकों को नौकरियों, गोपनीयता और कॉपीराइट के साथ-साथ मानव जीवन के लिए भी बेहद खतरनाक माना जा रहा है। लोगों के मन में आशंकाएं लगातार बढ़ रही हैं।

### खबर संक्षेप

**अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद लड़ाई जारी रहेगी**

**तेल अवीव।** इजराइल के पीएम नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद



हमास के खिलाफ लड़ाई को कोई नहीं रोक सकता। इजराइल इस लड़ाई को अंत तक जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अपने सैनिकों को खोने की भारी पीड़ा और अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद हम आखिर तक और जीत तक लड़ेंगे। इससे पहले इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन ने कहा कि वैश्विक दबाव के बावजूद हमास के खिलाफ इजराइल का युद्ध जारी रहेगा।

**हमास के 8 पर प्रतिबंध अमेरिका का चौथा वार**

**वॉशिंगटन।** इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध के बीच अमेरिका ने हमास के खिलाफ कठोर



कार्रवाई है, जिससे माना जा रहा है कि आर्थिक और वैश्विक स्तर पर हमास की कमर टूट सकती है। अमेरिका के विदेश विभाग ने हमास के 8 अधिकारियों और मददगारों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस प्रतिबंध का लक्ष्य हमास को फंडिग करने वाले नेटवर्क को खत्म करना है।

**दो सीआईएसएफ अफसरों के ठिकानों पर छापा**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कोयला चोरी मामले की जांच के सिलसिले में गुरुवार



को पश्चिम बंगाल में सीआईएसएफ के दो सेवानिवृत्त अधिकारियों से जुड़ी संपत्तियों समेत कई स्थानों पर छापेमारी की। राज्य की राजधानी कोलकाता के अलावा आसनसोल, दुर्गापुर, कुल्टी और मालदा समेत 12 स्थानों पर छापेमारी की गई। कोयला चोरी से आर्थिक रूप से फायदा हुआ। अधिकारियों ने बताया कि जांचकर्ता कोलकाता के भवानीपुर और पश्चिम बर्धमान के दुर्गापुर में सीआईएसएफ के एक सेवानिवृत्त अधिकारी के घरों के अलावा मालदा में एक अन्य पूर्व कर्मी के आवास की तलाशी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे अधिकारी उनकी संपत्तियों और बैंक खातों से संबंधित दस्तावेजों की तलाश कर रहे हैं।

संसद में घुसपैठ के आरोपियों ने सात दिन पहले की थी रेकी

# सेना में भर्ती होने निकले थे दोनों, सागर रिक्शाचालक था.. अमोल मजदूरी करता था

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसद में घुसपैठ के आरोपी अमोल शिंदे सेना में भर्ती होना चाहता था। इसके लिए उसने सेना की कई भर्तियों में हिस्सा भी लिया था, लेकिन उसका चयन नहीं हो पाया। अमोल के माता-पिता ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अमोल आगे पढ़ना चाहता था और इसके लिए वह 4000 रुपए प्रति महीना मांग रहा था, लेकिन हम दे नहीं सके। परिजनों ने बताया कि अमोल ने दिहाड़ी मजदूर के तौर पर भी काम किया है।

अमोल शिंदे (25 वर्षीय) लातूर की चकूर तहसील के जारी गांव का निवासी है। संसद पर हमले के बाद लातूर पुलिस की एक टीम जारी गांव पहुंची और अमोल के बारे में पूछताछ की। अमोल की मां केसर बाई ने बताया कि वह हमेशा सेना में जाना चाहता था लेकिन मैंने उसे नौकरी करने को कहा था। जब पुलिस हमारे घर पहुंची, तभी हमें घटना के बारे में पता चला।



नीलम मनोरंजन सागर अमोल शिंदे

> अमोल की मां केसर बाई ने बताया कि वह हमेशा सेना में जाना चाहता था लेकिन मैंने उसे नौकरी करने को कहा था। जब पुलिस हमारे घर पहुंची, तभी हमें घटना के बारे में पता चला।

**पुलिस ने जब्त किए अमोल के दस्तावेज**

**खास बातें**
- पढ़ाई करने माता पिता से मांगे थे 4 हजार महीना, जो नहीं दे पाए
- अमोल ने दिहाड़ी मजदूर के तौर पर भी काम किया



**दलित वर्ग से ताल्लुक रखता है अमोल**

अमोल दलित वर्ग से ताल्लुक रखता है और उसने स्नातक की पढ़ाई की है। उसके परिवार में माता-पिता और दो भाई और हैं। वो भी दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। अमोल के परिजनों ने बताया कि अमोल 9 दिसंबर को घर से यह कहकर गया था कि वह सेना की भर्ती में शामिल होने जा रहा है। बता दें कि बुधवार को संसद की सुरक्षा में चूक के आरोप में अमोल और नीलम के साथ सागर शर्मा और मनोरंजन डी को गिरफ्तार किया गया है।

**विक्की शर्मा को लंदन से आते थे पैसे**

आरोपी गुरुग्राम के सेक्टर-7 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के मकान नंबर 67 में ठहरे थे। आरोपी यहां विक्की शर्मा के मकान में रुके थे। आरोपियों के बैग विक्की के घर में मिले हैं। वहां पर मंगलवार की रात पांच लोग ठहरे थे, जिसमें विक्की की बेटी सागर शर्मा को जानती है। संसद में धुआं करने वाले सागर शर्मा और विक्की शर्मा का आपस में कनेक्शन सामने आने के बाद दिल्ली पुलिस विक्की को अपने साथ पूछताछ के लिए लेकर गई है। विक्की का कनेक्शन लंदन में रहने वाले परिवार से भी है। विक्की का परिवार जिस मकान में रहता है, उसके मालिक लंदन में रहते हैं। मकान मालिक उसके खाते में पैसे भी डालते हैं। मकान मालिक की ओर से मिलने वाला पैसा ही विक्की की आमदनी का जरिया है।

**विक्की उर्फ जंगली ने पाल रखे दो कुत्ते**

विक्की ने दो कुत्ते पाल रखे हैं, जिन्हें घुमाने के लिए घर से बाहर निकलता था। उसे लोग जंगली भी बोलते थे। उसका बचपन यहीं बीता है। उसके घर कौन आ रहा है, कौन जा रहा है इससे किसी का कोई लेना देना नहीं होता था। फिलहाल विक्की की आमदनी का कोई जरिया नहीं है, पहले वह एक्सपोर्ट गारमेंट कंपनी में काम करता था। अब लंदन से आने वाले पैसों को ही खर्च करता। बेटी के नंबर अच्छे देखकर उसके रिश्तेदार उसे पढ़ाना चाहते थे। घर के खर्चे को लेकर विवाद होता था।

चीन के खिलाफ भारत की जंगी तैयारी तेज

## निर्भय, ब्रह्मोस खतरनाक भारत ने झोंकी लंबी दूरी की मिसाइलों पर ताकत



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चीनी नौसेना की बढ़ती मौजूदगी भारत के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही है। इस कारण भारत ने भी अपनी रक्षात्मक तैयारियों को तेज कर दिया है। भारतीय नौसेना तेजी से लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भारतीय नौसैनिक मिसाइल प्रोग्राम में निर्भय सबसोनिक क्रूज मिसाइल के डेरिवेटिव, एक नई सबसोनिक नेवल एंटी-शिप मिसाइल सीरीज का विकास, सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल के लिए रेंज एक्सटेंशन प्रोग्राम, ब्रह्मोस एनजी का विकास और बैलिस्टिक लॉन्ग रेंज एंटी शिप मिसाइल शामिल हैं। अगर भारतीय नौसेना को ये हथियार मिल जाते हैं, तो हिंद महासागर में उसकी रेंज काफी ज्यादा बढ़ जाएगी।

**मिसाइल डेरिवेटिव बना रही नौसेना**

निर्भय सबसोनिक क्रूज मिसाइल की घोषित रेंज 1000 किमी तक है। इसे डीआरडीओ के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई) ने विकसित किया है। जनवरी 2023 तक इस मिसाइल के आठ सफल उड़ान परीक्षण किए जा चुके थे। उड़ान के दौरान विंग डिप्लॉयमेंट और उड़ान के दौरान इंजन स्टार्ट करने पर मिसाइल को लक्ष्य विमान की ओर घुमाने के लिए थ्रस्ट वेक्टर कंट्रोल जैसी तकनीकें सिद्ध हो चुकी हैं। 5 मीटर तक की बहुत कम ऊंचाई वाली उड़ान और नेविगेशन प्रणाली को भी प्रौद्योगिकी विकास के हिस्से के रूप में सिद्ध किया गया है। एडीई का इरादा मिसाइल और उसके वेरिएंट के साथ 100% स्वदेशीकरण हासिल करने का है जो इन सिद्ध प्रौद्योगिकियों को विरासत में मिलेगा।

**हर साल 18 इंजन बना रहा डीआरडीओ**

डीआरडीओ के जीटीआरई द्वारा विकसित छोटा टर्बो फैन इंजन (एसटीएफई) इंजन इस स्वदेशीकरण प्रयास का एक प्रमुख हिस्सा है। कई रिपोर्ट की गई गड़बड़ियों के बाद, हाल के वर्षों में व्यापक परीक्षण के लिए कई इकाइयों के निर्माण के साथ एसटीएफई सिद्ध हो गया है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस तिरुवनंतपुरम में अपनी इकाई के साथ एसटीएफई के लिए एक उत्पादन एजेंसी रही है, जो अपनी उत्पादन क्षमता को प्रति वर्ष 18 इंजन तक बढ़ा रही है।

## पीएम मोदी ने डोनाल्ड टस्क को दी बधाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

माट्यूज़ मोराविकी के संसद में विश्वास मत हारने के बाद हुए मतदान के दौरान डोनाल्ड टस्क के पक्ष में 248 पड़े, जबकि 201 सांसदों ने उनके विरोध में वोट किया। पोलैंड का प्रधानमंत्री चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डोनाल्ड टस्क को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि मैं भारत और पोलैंड के बीच दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए आपके साथ मिलकर कार्य करने के लिए उत्सुक हूं। पोलैंड की संसद ने सोमवार को डोनाल्ड टस्क के नाम पर मुहर लगा दी थी।



**हम अंधेरे को दूर भगाएंगे**

सदन का नेता चुने के बाद टस्क ने अपने संबोधन में कहा कि मैं पोलिश लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। धन्यवाद पोलैंड, यह एक महान दिन है, मेरे लिए नहीं, बल्कि उन सभी के लिए जो इतने लंबे वर्षों तक गहराई से विश्वास करते रहे कि यह अभी भी बेहतर होगा, कि हम अंधेरे को दूर भगाएंगे, बुराई को दूर भगाएंगे।

**पाक में नौकरशाह नहीं बन पाएंगे रिटर्निंग ऑफिसर**

**लाहौर।** पाकिस्तान में अगले वर्ष आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव के लिए नौकशाहों को



रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में नियुक्त करने के चुनाव आयोग के फैसले को निलंबित कर दिया है। पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान यह फैसला लिया है। जिसके बाद से पाक में सियासी हलचल तेज हो गई है। लोगों ने इस मुद्दे पर तमाम प्रतिक्रियाएं दी हैं। साथ ही कुछ दलों ने इसे चुनाव स्थगित करने की साजिश करार देते हुए गलत कहा है। लाहौर उच्च न्यायालय ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया।





ग्लोबल साउथ थिंक टैंक में बोले यूएनजीए अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस

# दुनियाभर में जंग से चिंताजनक स्थिति में फंसा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने विश्व निकाय के सदस्यों से बातचीत के जरिए सुरक्षा परिषद सुधार पर गतिरोध को दूर करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद चिंताजनक स्थिति में फंसी हुई लगती है। इसका उद्देश्य वैश्विक उत्तर देशों की प्रधानता को पूरा करना है। उन्होंने परिषद में निर्णय लेने में विकासशील देशों के प्रतिनिधित्व और समान भागीदारी की आवश्यकता को रेखांकित किया। साथ ही इस पर भी जोर डाला कि सुधार हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

फ्रांसिस ने कहा कि महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में मेरा मानना है कि हमें एक ऐसी परिषद की आवश्यकता है जो अधिक संतुलित, अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, अधिक उत्तरदायी, अधिक लोकतांत्रिक और अधिक पारदर्शी हो।

**संतुलित परिषद की आवश्यकता**

**सुधार हमारी सामूहिक जिम्मेदारी**

**खास बातें**
- समान भागीदारी की आवश्यकता को रेखांकित किया
- सुरक्षा परिषद सुधार पर गतिरोध को दूर करने की अपील



> दुनिया भर में जंग छिड़ती दिख रही

उन्होंने कहा कि दुनिया भर में जंग छिड़ती दिख रही है। ऐसे में सुरक्षा परिषद चिंताजनक स्थिति में फंसी हुई लगती है। ऐसा माना जाता है कि परिषद अपने मकसद को पूरा नहीं कर रही है। परिणाम स्वरूप, पूरे संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता खतरे में है। यूएनजीए प्रमुख ने कहा कि सुधार लाने के लिए सदस्य देशों को बातचीत से मुद्दे का समाधान ढूंढना होगा।

**परिषद को लोकतंत्रीकरण करना चाहिए**

भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने परिषद की वर्तमान संरचना को कालभ्रमित बताया जो पिछले दशकों में अंतरराष्ट्रीय संबंधों में आए बदलावों के अनुकूल ढलने में विफल रही है।

**ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करने की जरूरत**

अलेक्जेंडर मार्शचिक ने कहा कि इस विचार को लेकर काफी समानता है कि सुरक्षा परिषद में ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करने की जरूरत है।

परिषद की विकृतियों को सुधारने की क्षमता

**संरा को सुधारों के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए : भारत**

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कम्बोज ने कहा कि अपनी अध्यक्षता में जी20 के स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ को शामिल करने की भारत की पहल सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे "बहुत ज्यादा पुराने" संयुक्त राष्ट्र को सुरक्षा परिषद को समकालीन बनाने के लिए प्रेरित होना चाहिए। कम्बोज ने बुधवार को सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतरसरकारी वार्ता में कहा कि भारत की पहल पर अफ्रीकी संघ इस साल सितंबर में नयी दिल्ली में हुए शिखर सम्मेलन में जी20 का स्थायी सदस्य बन गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25